10 रोहित शर्मा...

12 कृति सैनन...







झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -181 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## झारखंड में भी बनेंगे दिल्ली जैसे स्कूल, सरकार इसके लिए करेगी एजेंसी हायर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार एक एजेंसी बहाल करेगी। यह एजेंसी उपलब्ध संसाधनों के आधार पर स्कूलों की रैंकिंग करेगी। साथ ही यह देखेगी कि स्कूलों को विकसित करने के लिए किन-किन संसाधनों की अभी भी आवश्यकता है। फिर स्कूलों का डेटाबेस तैयार कर उसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपेगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) ने स्कूलों के इस वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए प्रोफेशनल एजेंसी को बहाल करने के लिए टेंडर निकाला है। एजेंसी में 10 वर्ष के अनुभव वाले एक प्रोजेक्ट डायरेक्टर को रखा जायेगा, जो टीम का नेतृत्व करेंगे। इनके जिम्मे सर्वोत्तम रणनीति बनाने के साथ और विकल्पों का मूल्यांकन कर निर्णय लेने का अधिकार होगा।



इनके अलावा एजेंसी में एक प्रोजेक्ट मैनेजर को भी रखा जायेगा, जिसकी योग्यता एमबीए होगी। साथ ही मनोविज्ञान, सांख्यिकी और अर्थशास्त्र में कम-से-कम सात साल का अनुभव जरूरी होगा। उनके अलावा टीम में दो टीचर ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट और एक डेटा एनालिस्ट को भी रखा जायेगा। यह टीम स्कूलों का मूल्यांकन करने के साथ शिक्षकों का भी अध्ययन करेगी कि वे बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित हैं या नहीं।

### शिक्षा मंत्री विभाग के अफसरों के साथ जायेंगे दिल्ली

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि वे शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों के साथ खुद दिल्ली जायेंगे। वहां के सरकारी स्कूलों का दौरा कर बेहतर व्यवस्था को झारखंड के स्कूलों में लागू करेंगे। जिस तरह संपन्न घर के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा मिलती है, उसी तरह सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी।

### क्या है दिल्ली स्कूल मॉडल

दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में स्वच्छता, शौचालय, योग्य शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की कमी की पहचान की है। इसी हिसाब से स्कूलों को विकसित किया है। वर्षों से चले आ रहे कुलीन वर्ग का शिक्षा मॉडल और आमलोगों के शिक्षा मॉडल के अंतर को कम किया। संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी। दिल्ली में शिक्षा के मॉडल पांच प्रमुख घटकों पर आधारित है। निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों के भवन और क्लासरूम को तैयार करना। प्रिंसिपल और शिक्षकों से स्वच्छता, रखरखाव और मरम्मत बोझ से मुक्त कर प्रबंधक की नियुक्ति की गयी। दूसरा घटक है प्रिंसिपल और शिक्षकों को ट्रेनिंग। तीसरा घटक रहा अनुशासनहीनता को दूर करना। शिक्षा मंत्री ने स्वयं स्कूलों का निरीक्षण किया। नियमित शिक्षण गतिविधियों की शुरूआत की गयी, ताकि बच्चे पढ़ना, लिखना और बुनियादी गणित का कौशल सीखें। नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु हैप्पीनेस पाठ्यक्रम की शुरूआत की गयी। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों में समस्या-समाधान और विचार क्षमताओं को विकसित करने के लिए उद्यमशीलता पाठ्यक्रम की शुरूआत की गयी।

### बकाया राशि का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया गया : सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा एक सवाल के जवाब में यह कहा गया कि झारखंड सरकार का कोई पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है. इस जवाब के बाद झारखंड की राजनीति गरमा गई है. एक तरफ सरकार ने बकाये को लेकर तमाम तरह के तथ्य व दस्तावेज दिये हैं, कानूनी कार्रवाई करने की बात की है. वहीं झामुमो ने विरोध में आंदोलन की बात की है. वहीं भाजपा के द्वारा 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाये और इसकी मांग को हवा-हवाई बताया जा रहा है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कहा कि झामुमो ने हवा-हवाई बातें की. केंद्र सरकार पर 1.36 करोड़ रुपये बकाये का भ्रामक आरोप लगाये. इसके जवाब में बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है. झारखंडी हकों का आपका विरोध वाकई दुखद है. जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगाकर हमारे साथ खड़ा होना था, तब आप विरोध कर रहे हैं. खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे. क्योंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है.

## झारखंड में 20 दिसंबर से होगी बारिश 21 से फिर बढ़ेगी कनकनी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है. लेकिन अब इससे थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. 18 और 19 दिसंबर को मौसम थोड़ा शुष्क रहेगा. साथ ही ठंडी हवाओं से झारखंडवासियों को राहत मिलेगी. जिससे कंपकंपी ज्यादा नहीं होगी. इसी बीच 20 दिसंबर से झारखंड के मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा. 20 दिसंबर को कई जिलों में बारिश की संभावना है.

### 20 को बारिश 21 से फिर बढ़ेगी ठंड

मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 और 19 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा. जिससे शीतलहर से लोगों के थोड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत में हिमालय की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के झोंके से राहत मिली है. जिससे न्युतम पारा बढ़ेगा और ठंड से कुछ राहत मिलेगी. हालांकि इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 20 और 21 दिसंबर को झारखंड में बारिश की संभावना है. झारखंड के दक्षिणी और मध्य इलाकों में हल्के या मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है. जिससे इन दिनों तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. मौसम विभाग के मुताबिक, 21 दिसंबर से फिर से ठंड बढ़ेगी, वहीं कई इलाकों में कोहरे छाए रहेंगे. वहीं 22



दिसंबर को 22 को ओडिशा से सटे कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है. जिससे कोल्हान के जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में बारिश होगी.

### कैसा रहा 24 घंटों का तापमान

बीते 24 घंटों में झारखंड में कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा. सबसे अधिक ठंड राजधानी के कांके इलाके में पड़ी. मंगलवार को यहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा. जबकि राज्य के चाईबासा जिले का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया.

## फेरी बोट नीलकमल से नौसेना की स्पीड बोट टकरायी, तीन नौसेनिक सहित 13 लोगों की मौत

**एजेंसी**

मुंबई। मुंबई से एक फेरी बोट के समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की खबर आयी है. घटना आज बुधवार शाम 5:15 बजे की है. मुंबई तट के पास हुए इस हादसे में तीन नौसेनिक सहित 13 लोगों की मौत होने की खबर है. जानकारी के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब समुद्र में परीक्षण के दौर से गुजर रही नौसेना की एक स्पीड बोट अनियंत्रित होकर फेरी बोट से जा टकरायी . नौसेना की इस नाव का इंजन हाल ही में बदला गया था और नये इंजन का परीक्षण किया जा रहा था. इंजन पूरी तरह से फंस गया और नाव अनियंत्रित होकर नीलकमल नामक फेरी बोट से जा टकराई. जेओसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एलीफेंटा के रास्ते में नीलकमल फेरी बोट उरण, करंजा के पास टक्कर के बाद पलट गयी.



### फेरी बोट एलीफेंटा गुफाओं से गेटवे ऑफ इंडिया तक यात्रियों को ले जा रही थी

नीलकमल फेरी बोट एलीफेंटा गुफाओं से गेटवे ऑफ इंडिया तक यात्रियों को ले जा रही थी. लगातार.इन को जो जानकारी मिली, उसके अनुसार नीलकमल पर 80 वयस्क यात्री और पांच क्रू मेंबर सवार थे. नौका पर मौजूद बच्चों की संख्या का पता लगाया जा रहा है,

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर घटना की जानकारी देते हुए कहा, हमें नीलकमल नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्ट मिली है, जो एलीफेंटा की ओर जा रही थी. नौसेना, तटरक्षक बल, बंदरगाह और पुलिस टीमों की नौकाओं को सहायता के लिए तुरंत भेज दिया गया है. उन्होंने कहा, ह्यहम जिला और पुलिस प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं. सौभाग्य से अधिकांश नागरिकों को बचा लिया गया है. खबर लिखे जाने तक बचाव कार्य जारी था.

## 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के लिए जेपीसी गठित, प्रियंका गांधी और अनुराग ठाकुर समेत 31 सदस्य शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा से 21 सदस्य और राज्यसभा से 10 सदस्य समेत 31 सदस्यों को 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के लिए संयुक्त संसदीय समिति का सदस्य बनाया गया है. इसमें कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी के अलावा धर्मेंद्र यादव, कल्याण बनर्जी, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के संबित पात्रा, अनिल बलूनी, अनुराग सिंह ठाकुर को जेपीसी के प्रस्तावित सदस्यों के रूप में नामित किया गया है. इस बारे में कांग्रेस पार्टी सूत्रों ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा कि मंगलवार को लोकसभा में पेश किए गए इस विधेयकों में पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव हुआ. हालांकि, इस प्रस्ताव को विपक्षी दलों के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है, जिन्होंने लोकतंत्र पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है. विपक्ष ने चिंता जताई कि यह बदलाव सत्तारूढ़ पार्टी को अनुपातहीन रूप से लाभान्वित कर सकता है, जिससे उसे राज्यों में चुनावी प्रक्रिया पर अनुचित प्रभाव मिल सकता है और क्षेत्रीय दलों की स्वायत्तता कमजोर हो सकती है. इस विधेयक को पिछले सप्ताह कैबिनेट ने मंजूरी दी थी. देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए विधेयकों को अब आगे के विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा.

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने दो महत्वपूर्ण विधेयक आज निचले सदन में पेश किए. इनमें संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून 2024। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024' और 'केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024', जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं दोनों के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव करते हैं. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में ये विधेयक पेश किए. वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक को मंजूरी के लिए कैबिनेट में लाया गया था, तो पीएम मोदी ने कहा था कि इसे विस्तृत चर्चा के लिए जेपीसी के पास भेजा जाना चाहिए.



**जेपीसी में शामिल ये नाम**

| | |
|---|---|
| पी.पी.चौधरी (BJP) | मनीष तिवारी (कांग्रेस) |
| डॉ. सीएम रमेश (BJP) | सुखदेव भगत (कांग्रेस) |
| बांसुरी स्वराज (BJP) | धर्मेन्द्र यादव (समाजवादी पार्टी) |
| परषोत्तमभाई रूपाला (BJP) | कल्याण बनर्जी (टीएमसी) |
| अनुराग सिंह ठाकुर (BJP) | टी.एम. सेल्वागणपति (DMK) |
| विष्णु दयाल राम (BJP) | जीएम हरीश बालयोगी (DMK) |
| भर्तृहरि महताब (BJP) | सुप्रिया सुले (NCP-शरद गुट) |
| डॉ. संबित पात्रा (BJP) | डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना- शिंदे गुट) |
| अनिल बलूनी (BJP) | चंदन चौहान (RLD) |
| विष्णु दत्त शर्मा (BJP) | बालाशोवरी वल्लभनेनी (जनसेना पार्टी) |
| प्रियंका गांधी वाड्रा (कांग्रेस) | |

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



दिगंबर यादव
सामाजिक कार्यकर्ता

**भगवान से नहीं अपने गलत कर्मो से डरिए क्योंकि भगवान तो माफ कर देते हैं लेकिन गलत कर्मों का फल मिल कर ही रहता है।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **71,500**
चांदी (प्रति किलो) : **91,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **80,182.20**
निफ्टी :- **24,198.85**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **23** °
न्यूनतम तापमान : **11** °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:25**
संध्या :- **17:07**

### आज का इतिहास

**आज के ही दिन 1843 को चार्ल्स डिकेंस द्वारा एक क्रिसमस कैरोल, उपन्यास एबेनेजर स्क्रूज और नॉर्बी तीन क्रिसमस भूतों के होने के बाद उनके रूपांतरण को प्रकाशित किया गया था।**

### संक्षिप्त समाचार

#### झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को मिली प्रोन्नति

रांची। झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को प्रोन्नति मिली है. साथ ही आठ कर्मियों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू है. गौरतलब है कि इससे पहले होमगार्ड कमांडेंट के पद पर काम करने वाले अफसरों को भी प्रोन्नति देने के मामले को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है. बता दें कि झारखंड लोक सेवा आयोग से बहाल राज्य पुलिस सेवा के अफसर प्रोन्नति मिलती है और वे आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति पा चुके हैं. जबकि होमगार्ड में जेपीएससी के माध्यम से बहाल झारखंड गृह रक्षा वाहिनी सेवा के कमांडेंट पुराने पदों पर ही बने हुए हैं. राज्य पुलिस सेवा में उनके समक्ष कई अफसर आईपीएस संवर्ग पा चुके हैं. उन्हें आईजी तक प्रोन्नति भी मिल जाती है. लेकिन होमगार्ड के कमांडेंट पद पर बहाल होनेवाले अफसरों को प्रोन्नति नहीं मिलने पर वे इसी पद पर रिटायर हो जाते हैं.

#### कठुआ में आग लगने से घर बना गैस चैंबर, छह की दम घुटने से मौत

जम्मू। जिला मुख्यालय कठुआ के वार्ड नंबर 19 के शिवानगर में देररात एक घर में आग लग गई। घर के भीतर नौ लोग सो रहे थे। इनमें से 6 की दम घुटने से मौत हो गई। तीन बेसुध हैं। मदद के लिए पहुंचा एक अन्य पड़ोसी भी बेसुध है। चारों को जीएमसी कठुआ में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान गंगा भगत (17) पुत्री भारत भूषण निवासी शहीदी चौक कठुआ, दानिश भगत (15) पुत्र भरत भूषण निवासी शहीदी चौक कठुआ, अवतार कृष्ण (81) पुत्र केशव रैना निवासी वार्ड नंबर 16 शिव नगर कठुआ, बरखा रैना (25) पुत्री अवतार कृष्ण निवासी शिव नगर कठुआ, तकाश रैना (3) पुत्र अवतार कृष्ण निवासी शिव नगर कठुआ, अदविक रैना (04) पुत्र संदीप कौल निवासी जगती नगरोटा जम्मू के रूप में हुई है।







## आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी मॉडल लागू करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनः कयूम खान

# झारखंड आंदोलनकारी महासभा की बैठक में 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**विशेष सत्र बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का करें निदानः अमर किन्डो**

**गुटबाजी के कारण ही आंदोलनकारियों को न सम्मान मिला न नियोजन पेंशनः प्रो. विनोद भगत**



**लोहरदगाः** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों का दर्द समझेंगे और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू किया जाए। गुरुजी मॉडल के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रतिमाह 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। अध्यक्षता करते हुए अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में पनप रहे आक्रोश खत्म हो।जिला संयोजक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। गुटबाजी के कारण ही आंदोलनकारियों को न सम्मान मिला और न नियोजन पेंशन। मुख्यमंत्री श्री सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें और जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांगों का समाधान करें। संबोधित करने वालों में जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव, चैतू मुंडा, जगनंदन पौराणिक, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, नगर अध्यक्ष रुस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, अजित खाखा, सुशीला लकड़ा, प्रमिला भारती, जगदीश उरांव आदि शामिल थे। मौके पर अनुभा टोप्पो, सबिता लकड़ा, सुखराम भगत, मंगरा उरांव, संत कुमार उरांव, बैजू उरांव, बलदेव भगत, हरिश्चंद्र उरांव, असगर खान, अनुप उरांव, दशरथ उराँव, मनोज उराँव, रामधनी भगत, सुखदेव भगत, चैतू गुण्डा, दामोदर महतो, सूरज मोहन लकड़ा, दीपक वर्मा, गंगा उराँव, रूदन उराँव, शुशिला लकड़ा, लक्ष्मी देवी, रामदयाल उरांव आदि मौजूद थे। सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा जी की जन्मदिन को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में एवं शिक्षा ज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मंच संचालन गंगा उरांव एवं धन्यवाद ज्ञापन फूलमनी कुमारी लकड़ा ने की।

## लोहरदगा अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई



**लोहरदगा।** अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में आज बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा किये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष 4515 के अंतर्गत कुल 41 प्रगतिशील पथ योजनाओं; ग्राम जुरिया तिगरा से अरकोसा पथ तक पथ निर्माण, कुसुमडीपा से टेलर टाँगर तक, ग्राम चरहु से मेरले पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आदि, गैर योजना शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण की 17 योजनाओं (2022-23), वर्ष 2023-24 की 61 योजनाओं, 2024-25 की योजनाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) के अंतर्गत प्रगतिशील पथ योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए की 5 योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2019-20), आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2021-22) और जनजातीय क्षेत्रीय उप योजना (आदिवासी कल्याण) की योजना जिसमें पेशरार में पुंदाग हुसरू पथ पर पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण (वर्ष 2021-22) की समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल अंतर्गत एनएच 143 ए में कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, भूमि अधिग्रहण, एनएच 143 ए में बायपास पथ निर्माण व भूमि अधिग्रहण का कार्य समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## ग्लोबल किड्स स्कूल रातू में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का हुआ आयोजन, ऑस्ट्रेलिया से आई मेहमान ने जीता लोगों का दिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**पतरातू।** ग्लोबल किड्स स्कूल, रातू में बुधवार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। इस मौके पर ऑस्ट्रेलिया से आईं अतिथि डेनीएल डेविडसन ने अपनी प्रेरक उपस्थिति और विचारों से न केवल बच्चों बल्कि अभिभावकों को भी गहराई से प्रभावित किया। डेविडसन ने भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्वशिक्षा वह ताकत है जो समाज में समानता और भाईचारे की नींव रखती है। समाज को भेदभाव से मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए।ह्व उन्होंने अपने संबोधन में मानवता और समानता के महत्व को रेखांकित किया, जो आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।कार्यक्रम में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने न केवल भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की संस्कृति और अधिकारों को समझा, बल्कि उनके प्रति सम्मान और समानता का भाव रखने की शपथ भी ली। इस पहल ने अभिभावकों को गहरी संतुष्टि दी, क्योंकि यह उनके बच्चों को एक अधिक संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनने की ओर प्रेरित करता है।लोबल किड्स स्कूल की प्रधानाचार्या ने बताया कि, ह्वहमारा विद्यालय पिछले एक दशक से शिक्षा को मानवता और समानता का माध्यम बनाने के लिए समर्पित है। हमारा उद्देश्य अकादमिक सफलता के साथ-साथ बच्चों को ऐसा इंसान बनाना है जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके। कार्यक्रम के अंत में, डेनीएल डेविडसन ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्कूल न केवल बच्चों को शिक्षित कर रहा है, बल्कि उनमें सामाजिक समरसता और समानता जैसे मूल्यों का भी विकास कर रहा है। उन्होंने कहा, ह्वयह स्कूल एक आदर्श प्रस्तुत कर रहा है कि कैसे शिक्षा के जरिए समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। अभिभावकों ने इस आयोजन को बेहद प्रेरक और मूल्यवान बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के भीतर न केवल जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस तरह के आयोजन न केवल शिक्षा का प्रतीक हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि कैसे एक स्कूल बच्चों में सहिष्णुता, समानता और भाईचारे जैसे मूल्यों को बढ़ावा देकर समाज में बदलाव का आधार बना सकता है। ग्लोबल किड्स स्कूल आपके बच्चों को न केवल शिक्षित करता है, बल्कि उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा बनने की दिशा में तैयार करता है।

## झारखंड में नियुक्ति घोटाला कब तकःजे पी पांडेय

**रामगढ़।**भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश के नेता जय प्रकाश पांडेय ने ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य के नियुक्तियों में हो रही गड़बड़ियों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा है की आखिर कब तक झारखंड के नवनिहल बच्चों, शिक्षित युवा पीढी पुरुष और महिलाओं को राज्य सरकार मूर्ख बनाती रहेगी जब से यूपीए सरकार राज्य में कार्य कर रही है तम से लाखों नियुक्ति की घोषणा के बाद कितनी नियुक्ति सही ढंग से की गई राज्य की जनता और युवा पीढी और महिलाएं अच्छी तरह से अवगत है,झारखंड राज्य के इतिहास पर नजर डाले तो यूपीए सरकार में कोई भी नियुक्ति बिना कोर्ट के निर्देश से नहीं हो सकी है,आखिर झारखंड के बेरोजगार शिक्षित छात्र कब तक नियुक्ति के लिए भटकते रहेंगे आखिरी रास्ता तो सरकार के खिलाफ आंदोलन ही है,आखिर आंकड़ों के बाजीगरी का खेल कब तक चलता रहेगा और कब विकसित राज्य के श्रेणी में झारखंड राज्य स्थापित होगा इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, हर नियुक्ति में कोर्ट का हस्तक्षेप राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहा है जो को कमजोर कर राज्य का प्रतिक के रूप में देखा जा रहा है।चुनाव से पहले दिसंबर माह से मईया सम्मान की राशि 2500/ रू प्रतिमाह देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया था,जो राशि अभी तक किसी महिला के खाते में नहीं जाना ,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन की सुविधा भी लगभग 05 माह से भुगतान नहीं होना,राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका और सहायिका को वेतनमान,पोषाहार की राशि,मकान भाड़ा और मोबाइल तथा रिचार्ज की राशि नहीं मिलना राज्य सरकार के वादों का पोल खोल रही है,राज्य की जनता में नई सरकार से बहुत आश जगी है,परंतु राज्य सरकार के थोथी दलील से जनता ऊबती जा रही राज्य सरकार तुरंत ही राज्य के विकास के लिए प्रभावशाली कदम नहीं उठाया तो बाध्य होकर राज्य की जनता सड़कों पर उतर जाएगी जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार पर होगी।

## सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह मनाएंः-सचिन



भारतीय जनता पार्टी की नगर बैठक अटल भवन में कार्यशाला आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक सदस्यता महापर्व बनाने का निर्णय लिया गया है 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा और 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता अभियान संयोजक अजय पंकज ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व, पार्टी को मजबूत और संघर्षशील बनाने का अवसर है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने परिवार के साथ मानती है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति रळ मोर्चा के सदस्य लक्ष्मी भगत ने कहा कि झारखंड से लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्रीय विरोधी, विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा के संघर्षशील और मजबूत संगठन को निरंतरण गति देनी है। नगर सदस्यता अभियान संयोजक बिंदिया देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है और हम हर एक परिवार को मजबूती के रूप में देखना चाहते हैं। सत्यम कुमार ने कहा कि सदस्यता अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण रूप से लग जाए और पार्टी को मजबूत बनाएं। अभियान नगर सहसंयोजक अशोक कसकर ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह बनाना है। सहसंयोजक सरस्वती देवी ने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी को मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। मौके पर उपस्थित संजय शर्मा, शंभू ठाकुर, रामलाल उरांव, ज्ञानेश कुमार गुप्ता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## .आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो का दामोदर रेस्टोरेंट में किया गया गरमजोशी से स्वागत



**विधानसभा चुनाव 2029 में एक से इक्कासी सीट प्राप्त करेगी आजसूः सुदेश कुमार महतो**

**रामगढ़/गोला।** झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं मांडू विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के धनबाद जाने के क्रम में गोला स्थित दामोदर रेस्टोरेंट में आजसू पार्टी के कार्यकताओं द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया। श्री महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में आजसू पार्टी को एक सीट मिली है। हम पार्टी के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। आज आजसू को एक सीट मिली है आने वाले दिनों में 81 सीट मिलेगा ऐसा भरोसा और विश्वास के साथ क्षेत्र में काम करना है। लोगों की हर छोटी मोटी समस्या का समाधान करना हमारी पार्टी की और पार्टी कार्यकर्ता की प्राथमिकता होगी। मौके पर पार्टी के केन्द्रीय सदस्य सुबोध महतो आजसू प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो गुडु सिंह 20सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो राही चौधरी गोबिंद मुंडा एवं दर्जनों कार्यकताओं मौजूद थे।

## जैन समाज ने मनाया आचार्य का जन्म जयंती समारोह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**भाव से भव शुद्ध होता है :मुनि श्री सुयश सागर जी**



**रामगढ़।**दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में मुनि श्री सुयश सागर जी का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ। मुनिश्री को स्थानीय पंचरत्न चौरसिया कॉम्प्लेक्स के सम्मुख समाज की बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्र हुए एवं वही से मुनिश्री को गाजे बाजे के साथ पुरुषों एवं महिलाओं ने सामूहिक नृत्य करते हुए मंगल प्रवेश करवाया गया । मुनिश्री के प्रवेश का स्थानीय लोगों में अत्यंत उत्साह देखा गया । मुनिश्री के नगर भ्रमण के दौरान भक्तगणों ने जगह - जगहों पर मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया एवं उनकी आरती करते हुए मंगल गान गये। मंदिर प्रवेश के बाद मुनिश्री ने अपने मुखारविंद से सभी श्रावकों को धर्मोपदेश दिया । तत्पश्चात जैन भवन में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी का अवतरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात मंगला चरण के साथ दिशा पाटनी द्वारा किया गया । दीप प्रज्वलित समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरा लाल पाटनी, श्री विजेंद्र जैन श्री रमेश सेठी,श्री माणिक पाटनी एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री राजेंद्र चूड़ीवालव ने किया।आचार्यश्री का चित्र अनावरण श्रीमती अरुणा जैन परिवार एवं श्री इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया तत्पश्चात मुनिश्री का पाद प्रक्षालन हजारीबाग की जैन महिला समिति द्वारा किया गया एवं शास्त्र भेंट दिगम्बर जैन समाज हजारीबाग द्वारा किया गया ।तत्पश्चात आचार्यश्री एवं मुनिश्री की पूजन की गई । साथ ही , बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । संध्या आरती के पश्चात मुनिश्री द्वारा गुरु भक्ति एवं णमोकार चालीसा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न शहरों हजारीबाग , कोडरमा रांची , गोमिया , पेटरवार , साढ़म एवं रायपुर से सभी भक्तिगणो ने आकर अपनी भागीदारी प्रदान की । उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया मुनि श्री के आगमन से पूरा समाज भक्तिमय हो गया तथा उन्होंने समाज के लोगों को श्री राजेंद्र जी चूड़ीवाल उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र जी पाटनी , श्री श्रवण जैन , जंबू पाटनी , विकाश रपरिया , अमित जैन, राजेश चढ़ीवाल, दीपक जैन, नितिन पाटनी, राकेश पांड्या, निशा जैन डॉ शरद जैन, संजय सेठी, पदम सेठी, अशोक सेठी महावीर प्रसाद गंगवाल ,विमल सेठी, अरुणा जैन खुशबू जैन, वीणा जैन अनीता चूड़ीवाल,ममता जैन विकाश सेठी पंकज जैन, अमित पाटनी ,अरविंद सेठी एवं समस्त रामगढ़ जैन समाज का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

## गुमला में अज्ञात अपराधियों ने आंगनबाड़ी में पेंट करने आये पेंटरों के पांच बाइक को जलाया



**गुमला :** गुमला के बेलागड़ा पंचायत के नवाटोली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पेंटिंग करने आए पेंटरों की बाइक को अज्ञात अपराधियों ने बीती रात आग के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सभी पेंटर लोहरदगा से काम करने पहुंचे थे।घटना के विषय में जानकारी देते हुए किसको लोहरदगा निवासी अजय उरांव ने बताया की छोटू राम,नंदेश्वर बड़ाइक, बादल व रामदुलार चिक बड़ाइक ये पांचो नवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में फोटो कार्टून व अल्फाबेट पेंटिंग का काम करने के लिए ठेकेदार रामवीर के निर्देश पर मंगलवार को शाम पहुंचे थे। वहीं बरामदा में पांचो बाइक खड़ा कर बगल के रूम में खाना खाने के बाद सोए हुए थे। इसके बाद अचानक रात लगभग 10 बजे जलने की और तेज आवाज आने लगी। जिसके बाद दरवाजा खोल कर देखा तो पांचो बाइक आग से धधक रहे थे।इसके बाद चीख चिल्ला कर उन्होंने ग्रामीणों को उठाया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सभी बाइक जलकर राख हो चुके थे। वहीं दरवाजे के सामने रखे हुए बरामदा में पांचो बाइक में आग लगने की वजह से अंदर सो रहे लोगों का दाम घुटने लगा। जिसके बाद पीछे के दीवाल को ग्रामीणों के सहयोग से तोड़कर कर पांचो लोगों नें किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी।वहीं बुधवार की सुबह घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि अज्ञात अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। यह शरारती तत्वों का काम होगा। पुलिस छानबीन कर रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। इस घटना के बाद पेंटिंग करने के लिए पहुंचे सभी पांचो पेंटरों में भय का माहौल है और अब वह काम नहीं करने की बात कहकर लौटने की बात कर रहे हैं।

# डीएमएफटी के तहत 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए शिक्षा में नई क्रांति



रामगढ़। रामगढ़ जिले में शिक्षा को सुदृढ़ और उन्नत करने की दिशा में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के मार्गदर्शन में डीएमएफटी के तहत 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। जिसमें उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर काउंसलिंग और तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 24 ७ 7 शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिक्षक, उप जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शैक्षणिक संस्था फिलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों और विज्ञान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, ₹जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक छात्र का जीवन बेहतर बनाया जाए। सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इसके तहत विद्यार्थियों को 247 किसी भी समय कहीं भी लाइव शिक्षकों से जुड़ने और अपनी शैक्षणिक समस्याओं को हल करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ₹सभी छात्रों की नियमित परीक्षा ली जानी चाहिए। ताकि वे पूरे वर्ष अपनी तैयारी और कमियों के प्रति जागरूक रह सकें।₹ उपायुक्त ने शिक्षकों से यह आग्रह किया कि वे इस तकनीकी प्लेटफॉर्म का स्वयं भी उपयोग करें और इसे बेहतर तरीके से समझें। उन्होंने कहा कि ₹इस पहल के माध्यम से बच्चों को अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझाने में मदद मिलेगी और इसके परिणामस्वरूप सभी स्कूलों में सकारात्मक शैक्षणिक परिणाम देखने को मिलेंगे।₹जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि ₹यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। बच्चों को लाइव कक्षाओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ 24७7 शिक्षकों से जुड़ने की सुविधा मिलेगी।₹ उन्होंने इस पहल को शिक्षा में तकनीकी नवाचार का शानदार उदाहरण बताया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि ₹सम्पूर्ण शिक्षा कवच' से विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार सही दिशा में बढ़ने का अवसर मिलेगा।₹फिलो संस्था के संस्थापक ने कार्यक्रम की कार्यप्रणाली और लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ₹इस परियोजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को लाइव कक्षाओं के माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।₹ उन्होंने बताया कि ₹बच्चे किसी भी समय शिक्षकों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं, और करियर काउंसलिंग और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम इस शैक्षणिक सत्र में 10वी व 12वी के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा एवं अगले शैक्षणिक सत्र में यह 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि ₹प्रथम चरण में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि वे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।₹ उन्होंने शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों से आग्रह किया कि दें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर सभी उपस्थित शिक्षकों, और प्रधानाध्यापकों ने 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' पहल की सराहना की।

## पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का मंगल आशिर्वाद मानिक चन्द जैन को मिला

**रामगढ़।** मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज एवम ससंघ के दर्शन कर श्रीफल समर्पित किया । पूज्य मुनि श्री ने कहा की जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और धर्म के मार्ग पर चलना है। आप अपने अच्छे कर्म करते रहे निश्चित आपका जीवन उज्वल एवम् सकारात्मक होगा।मनुष्य को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए और सदा अहिंसा, सत्य और त्याग के पथ पर चलना चाहिए। मानिक चंद जैन ने कहा पूज्य मुनि श्री का आगमन पूरे रामगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उनकी प्रेरणादायी शिक्षाएं आने वाले समय में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगी।

# चार दिवसीय क्रिसमस सह उत्सव मेला का आगाज, बैंड ने सबको झुमाया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** फादर बुल्के पथ स्थित लोयला ग्राउंड में चार दिवसीय क्रिसमस मेला सह उत्सव मेला का आयोजन बुधवार से शुरू किया गया. अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल और मोमेंटम देकर स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि गृह सचिव वंदना डाडेल और विशिष्ट अतिथि आर्च बिशप विंसेंट आईंद,पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो,फादर जस्टिन तिर्की शामिल हुए. कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम के पहले दिन सोनू बैंड ने प्रस्तुति दी, जिसमें झ चरनी उपरे का तारा टिम टिम चमकेला,तारा न लागे प्रभु यीशु चमकेला का यीशु गीतों से पूरा लोयला मैदान झूम उठा. लगातार डॉट इन की खबर के मुताबिक मेला उत्सव में अलग-अलग प्रकार के 60 स्टॉल लगाये गये हैं. जहां पर क्रिसमस उत्सव का सामग्री,झारखंडी खानपान समेत बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाये गये हैं.

**क्रिसमस का माहौल को आपस में बांटे और खुशी को फैलाएं झ आर्च बिशप**

इस अवसर पर आर्च बिशप विसेंट आइंद ने लगातार संवाददाता को बताया कि क्रिसमस खुशी का माहौल ले आया है. सभी लोग इस पर्व का उत्साह के साथ प्रतीक्षा करते हैं. जब यह पर्व आ जाता है तो हम उसे बड़े आनंद के साथ मनाते हैं. इसमें शामिल होने के लिए सभी को खीस्तीय होना है. ऐसी जरूरत नहीं होती है. सबको इसमें शामिल होकर खुशी बांटते है और खुशी तभी बढ़ती है जब यह बांटी जाती है.

विंसेंट आइंद ने कहा कि क्रिसमस के माहौल आपस में बांटे और खुशी को फैलाएं. लेकिन ये खुशी केवल बाहरी चीजों से हमारे लिए न मिले. इस मेले में बहुत सारी चीजें पाएंगे. जो हमारी खुशी को बढ़ायेंगे. एक दूसरे को भाई एवं बहन के रूप में स्वीकार करें. एक दूसरे के प्रति दोस्ती और परिचय बढ़ाएं, इससे ज्यादा खुशी बढंती है.

**अपने ह्रदय को साफ करें- वंदना डाडेल**

गृह सचिव वंदना डाडेल ने कहा, आनंद का समय हमें याद दिलाता है. आनंद की रात जब गढ़ेरियों और चरवाहों को आनंद का सुसमाचार का संदेश मिला था. यह आनंद सबों के लिए है. अपने ह्रदय को साफ करें. अपने ह्रदय की चरनी को तैयार करें. यीशु मसीह को ग्रहण करें. सचमुच यह आनंद का समय और प्रेम का अवसर रहता है. जहां कहीं भी किसी के प्रति मन में विरोध हो, उन बातों को समाप्त करें. परिवार में जहां कहीं भी रिश्ते में दूरी आ गये हैं, उन रिश्तों को उन्हे बांटे और सचमुच में इस समय ने जिस प्रकार से यीशु से मेल मेलाप कराया. उस सेवा को ईमानदारी से निभायें.

**ये सभी थे मौजूद**

मौके पर आयोजक अध्यक्ष जोसेफ टोप्पो, कार्यकारणी अध्यक्ष सुनिल खलखो,मुख्य संरक्षक सुनिल लकड़ा,सचिव जॉन लकड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक बाड़ा, सदस्य रंजित बाड़ा,जुलियन केरकेट्टा,मधु कच्छप, अनिमा एक्का,राजन कच्छप, गोपाल एक्का,रवि खलखो समेत अन्य मौजूद थे.

## ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के प्रवीण कच्छप ने मैट्रिक-इंटर की परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं की मदद की



**रांची:** नामकोम स्थित सोदाग पंचायत स्थित कासमी लर्निंग सेंटर में ड्रॉप आउट लगभग सात छात्र-छात्राएं मैट्रिक और इंटर की तैयारी कर रहे हैं. ये NIOS BOARD के माध्यम से परीक्षा देने में असमर्थ थे. ये बेहद गरीब और ग्रामीण परिवेश की छात्र हैं, जो कि अपने घरेलू कामो में लगे रहते थे. घर की आर्थिक स्थिति खराब होनेके कारण पढ़ाई नहीं कर पाते थे. ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के प्रदेश महासचिव और रांची से लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रवीण कच्छप ने इन छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए राशि दी. उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. छात्र छात्राओं का हौंसला बढ़ाया. लगातार. इन के अनुसार प्रवीण कच्छप ने लोगों से आह्वान किया कि सामाजिक कार्यकर्ता, नौकरी पेशा औ? बुद्धिजीवी वर्ग के लोग आगे आयें और सामाजिक सरोकार और नैतिक मूल्यों को जीवित रखें. मौके पर सोदाग पंचायत मुखिया पतरस तिर्की और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की मौजूद थे.

## प्राथमिक और मध्य विद्यालय के छात्रों का अपार कार्ड बनाना अनिवार्य

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि ह्लवन नेशन वन कार्डह्व योजना के तहत झारखंड के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्रों का अपार आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया गया है. इस आईडी कार्ड में बच्चों का पूरा शैक्षणिक डेटा उपलब्ध होगा, जिससे छात्रों के स्थानांतरण के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. एक बार आईडी नंबर जारी होने पर यह स्वचालित रूप से डिजीलॉकर में अपलोड हो जाएगा, और छात्र का डेटा हमेशा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा.

**जन्म प्रमाण पत्र व बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होने से लेट हो काम**

हालांकि इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं. सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है. कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है. इस स्थिति के कारण गरीब छात्रों के लिए अपार आईडी कार्ड बनवाना चुनौतीपूर्ण हो गया है.इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं हो पाई है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है. इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (PEN) सक्रिय नहीं हो पाता. शिक्षकों ने अवकाश रद्द करके इस कार्य को पूरा करने का प्रयास किया है, लेकिन जब तक इन समस्याओं को हल नहीं किया जाता, तब तक इसे पूरा करना आसान नहीं होगा. इस समस्या का समाधान यह हो सकता है कि विद्यालय द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनाया जाए, जिससे सुदूर गांवों के बच्चों का आधार कार्ड बनवाना सरल हो सके और अपार आईडी कार्ड की प्रक्रिया पूरी की जा सके.

## झारखंड की दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग से गुजरात मिलने पहुंची मंत्री दीपिका पांडे, दी आर्थिक मदद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से गुजरात के वड़ोदरा में मुलाकात की. साथ ही उसका हाल जाना. मंत्री के साथ गई टीम ने ना सिर्फ बच्ची का हाल जाना, बल्कि उसे आर्थिक मदद पहुंचाते हुए पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा. प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात सरकार से दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है. मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ आईजी सुमन गुप्ता, डायरेक्टर सोशल वेलफेयर किरण पांसी बच्ची से मुलाकात करने गुजरात गई थी.

**यह है मामला**

दरअसल गुजरात के भरूच स्थित झघड़िया जीआईडीसी क्षेत्र में झारखंड की एक नाबालिग के साथ सात दिन तक दुष्कर्म हुआ था. जिसके बाद पीड़ित का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और फिर वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में हो रहा है. मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में टीम को वडोदरा भेजा और बच्ची को मदद पहुंचायी. यहां बता दें कि राज्य में रह रहे और प्रवासी झारखंडवासियों के प्रति हेमंत सरकार हमेशा संवेदनशील रही है. फिलहाल आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## स्व. विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से बुधवार को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा स्व. विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि पर डोरंडा स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गयी. आंदोलनकारियों ने ह्लविनोद बिहारी महतो अमर रहेह्व के नारे के साथ स्व. महतो को श्रद्धांजलि दी और उनके अरमानों को पूरा करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि विनोद बिहारी महतो अखंड झारखंड के पक्षधर थे. वे हमेशा राज्य के लोगों को ह्लपढ़ो और लड़ोह्व का नारा देते हुए उन्हें एकजुट करते थे और अपने हक अधिकार के लिए प्रेरित करते थे. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान महतो 557/91 के तहत जेल गए थे और राज्य सरकार से उनका मुकदमा वापस लेने की मांग की. पुण्यतिथि के मौके पर मोर्चा की संयोजिका सरोजनी कच्छप, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, अरुण कुमार दुबे, सुजीत कुमार राम, डॉ. सुलेमान अंसारी, लोलस कुजूर, कुंवर लोहरा, संजय राम और अन्य आंदोलनकारी उपस्थित थे.

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर बोले कल्याण मंत्री - जल्द होगा मदरसा बोर्ड का गठन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड की पहल पर बुधवार को कडरू स्थित हज हाउस में अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों पर परिचर्चा आयोजित की गई. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन शामिल हुए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए जितने कार्य किए गए हैं, उतने कार्य पहले कभी नहीं किए गए थे. मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक विकास के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है. उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय से किए गए सभी वादों को पूरा किया है. मंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही मदरसा बोर्ड और उर्दू अकादमी का गठन करेगी. उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें, क्योंकि शिक्षा से ही आने वाली पीढ़ी का विकास संभव है.

**झारखंड सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ मजबूती से खड़ी है: डॉ. इरफान**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है. यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1992 से प्रत्येक वर्ष मनाया जा रहा है, ताकि अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा की जा सके और उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति और परंपरा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह से सुरक्षित है.

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सदस्य एवं राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सरफराज अहमद, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू, आयोग के सदस्य डॉ. एम तौसीफ, वारिस कुरैशी, बरकत अली और अन्य लोग उपस्थित थे.

**ये लोग सम्मानित किए गए**

राज्य अल्पसंख्यक आयोग की ओर से कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में पत्रकारिता के क्षेत्र में मुजफ्फर हुसैन, गुलाम शाहिद और शफीक अंसारी, शिक्षा के क्षेत्र में सेंट जेवियर के प्राचार्य फादर डॉ. नोबूल लकड़ा, प्राचार्य निर्मला कॉलेज डॉ. ज्योति किसपोटा, सामाजिक संगठन ह्लहू बोलेगाह्व के संस्थापक नदीम खान, जमशेदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मोख्तार आलम खान, सरफराज हुसैन और झारखंड बार के सदस्य अधिवक्ता अब्दुल कलाम रशीदी शामिल थे.

## चैंबर की इंपोर्ट एक्सपोर्ट उप समिति की बैठक संपन्न



**रांची।** चैंबर की इंपोर्ट एक्सपोर्ट उप समिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में हुई. जिसमें बताया गया कि झारखंड से कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को देखते हुए चैंबर ने प्रदेश में एक्सपोर्ट हाउस, पैक हाउस, इंस्पेक्शन हाउस और क्वालिटी कंट्रोल यूनिट लेबोरेटरी की स्थापना के साथ रांची में एयर कारगो की सुविधा में बढोत्तरी को जरूरी बताया.

**प्रदेश से कृषि उत्पादों के निर्यात की अपार संभावनाएं**

बैठक में कहा गया कि प्रदेश से कृषि उत्पादों के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं. जिसके तहत माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस जैसे इमली, महुआ के अलावा सब्जियों जैसे फूलगोभी, पत्तागोभी, गाजर, बिंस, मटर, टमाटर आदि का निर्यात भारी मात्रा में किया जा सकता है. उप समिति चेयरमेन एसके अग्रवाल ने कहा कि झारखंड से ताजी सब्जियां निर्यात करने में फिलहाल परेशानी है. क्योंकि यहां पर पास में कोई बंदरगाह नहीं है. यहां से फ्रेश सब्जी निर्यात करने से कृषकों की आमदनी बढ़ाई जा सकती है. इसके लिए झारखंड में इरैडिशन की जरुरत होगी, साथ में मॉर्डन वेयरहाउस, मॉर्डन कोल्ड स्टोरेज यूनिट की भी जरुरत है, जिसकी विभागीय स्तर पर समीक्षा जरूरी है. कहा गया कि झारखंड से एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर, एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को नोडल अफसर के रूप में (एफेडा) नियुक्त किया गया है. आवश्यक है कि नोडल अफसर द्वारा कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, केंद्र सरकार के आईसीएआर पलांडु के पदाधिकारियों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक कर, एक्सपोर्ट की संभावनाओं को गति देने की पहल की जाए. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस मामले में विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता की बात कही. मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, उप समिति चेयरमेन एसके अग्रवाल, सदस्य मनीष पियूष, सीए जेपी शर्मा, प्रेमशंकर मिश्रा, विवेक सिंघानिया, आदित्य कुमार के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## एदारा शरीया का प्रतिनिधिमंडल कल्याण मंत्री से मिला, ज्ञापन सौंपा



**रांची।** एदारा शरीया झारखंड का प्रतिनिधिमंडल ने नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मिल कर बधाई दी. साथ ही उन्होंने अल्पसंख्यकों के ज्वलंत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से उर्दू एकेडमी गठन, 15 सूत्री क्रियान्वयन समिति गठन, मदरसा बोर्ड गठन, राज्य हज कमेटी गठन, राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एमएसडीपी स्कीम से लाभान्वित करने, झारखंड में वैसे तमाम उर्दू स्कूल जिन्हें हिन्दी स्कूल में बदल गया, उन्हें निरस्त करते हुए पूर्व की भांति उसका स्टेटस बहाल करते हुए उर्दू स्कूल बहाल करें, झारखंड स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी के नाम पर मोजाहिदे आजादी शेख भिखारी अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी का झारखंड में गठन आदि मांगें शामिल हैं. मंत्री ने इसके समाधान का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में अकीलुर्रहमान, मो. इस्लाम, कारी अय्यूब, शहर काजी मौलाना मसूद फरीदी, मौलाना गुलाम हैदर अली शामिल थे.

## बंधु तिर्की ने दिल्ली में कांग्रेस महासचिव से की मुलाकात



**रांची।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दिल्ली में कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल से मुलाकात किया. उन्होंने केसी वेणुगोपाल को सरना अंगवस्त्र से सम्मानित किया. इसके साथ ही उन्होंने राज्य के विकास और राजनीति पर विचार विमर्श किया.

## अडानी के कहने पर नहीं, बाबा साहब के संविधान से चलेगा देश : इरफान अंसारी



**रांची।** कांग्रेस ने आज अमित शाह के बयान सहित अन्य मुद्दों को लेकर शहीद चौक से लेकर राजभवन तक विरोध मार्च निकाला. विरोध मार्च को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि अमित शाह जी ने संसद में जिस तरह का बयान दिया है, वह निंदनीय है. मंत्री ने कहा कि आज आप अडानी के कहने पर कानून बदलने की बात करते हैं. लगातार को मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह देश राहुल गांधी के बताये मार्ग पर चलेगा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुसार चलेगा. मोदी जी हम आपको बता दें कि अगर संविधान नहीं होता तो आज यहां इरफान अंसारी मंत्री नहीं होता. आप संविधान को बदलने की बात करते हैं. लेकिन कांग्रेस ऐसा हरगिज होने नहीं देगी. बता दें कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये बयान, अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी पर लगाये गये आरोपों और मणिपुर में हो रही हिंसा पर पीएम मोदी की चुप्पी के विरोध में आज मार्च निकाला. जिसमें प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने अपने विचार रखें.

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी,पलाश साहेबगंज के द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जिले के सभी प्रखंड के क्लस्टर में कार्यरत जॉब रिसोर्स पर्सन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार और आसिफ इकबाल के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्य, संरचना और पलाश जेएसएलपीएस के अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी को दी गयी। साथ ही साथ जॉब रिसोर्स पर्सन के कार्य, दायित्व व मार्गदर्शिका के बारे में बताया गया।ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार जो पढ़ाई छोड़ चुके वैसे युवक एवं युवतियां जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है, सरकार के द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 3 माह से 12 माह तक का प्रशिक्षण आवासीय, निःशुल्क एवं रोजगार आधारित है। बताया गया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।

## माननीय मंत्री,श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग,झारखंड ने जिले में उद्योग विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)** ।संजय कुमार प्रसाद यादव, माननीय मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग,झारखंड के द्वारा साहेबगंज के नये परिसदन भवन में बैठक आहूत की गई।बैठक में माननीय मंत्री श्री यादव के द्वारा ने उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी ली जिनमें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, एवं लघु कुटीर उद्योग द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।माननीय मंत्री महोदय के द्वारा उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में जुट से रिलेटेड काफी संभावनाएं है । इसे उद्योग का रूप दिया जा सकता है। जिले में एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाया जाएगा। जिससे कि जिले वासियों को पलायन से मुक्ति मिले तथा उन्हें जिले में ही रोजगार मिल सके।इस समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, साहिबगंज रविंद्र दास, ईओडीबी प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र चंद्रशेखर शर्मा, जिला उद्यमी समन्वयक मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड साहिबगंज देवव्रत कुमार तथा सभी प्रखंड के प्रखंड उद्यमी समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## मिजाचौकी हाट बाजार सड़क में आए दिन जाम की समस्या से जूझते लोग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौकी हाट बाजार सड़क में आए दिन जाम के समस्या को देखते हुए बाजार क्षेत्र के युवा वर्ग के द्वारा बाजार भ्रमण कर जाम से निजात हेतु बाजार के दुकानदार बंधु से उनके दुकान तक पहुंच कर बुधवार को वार्ता किया।तथा जाम नहीं लगे इसका पहल किया गया।साथ ही सड़क पर लगने वाले सब्जी फल के दुकानदार जो क्षेत्र के किसान बंधु हैं वो बाजार के सड़क पर अपनी दुकान लगाते है। जिससे की बाजार करने आए ग्राहक को जाम सड़क से जूझना पड़ता है।इसे में सब्जी दुकानदार बंधु से आग्रह किया गया की सभी सब्जी की दुकान को हाट बाजार के प्रांगण में लगाएं ताकि जाम से निजात भी मिल जाय और रोजाना हाट बाजार की रौनक बनी रहे।चुकी मिजाचौकी बाजार का सोमवार तथा गुरुवार को हाट लगता है इन दो दिन को छोड़ कर रोजाना अपनी सब्जी की दुकान हाट बाजार में लगा सकते हैं।चुकी इस समस्या को लेकर बाजार के दुकानदार भी आए दिन लगने वाले जाम से परेशान रहते हैं ऐसे में अपनी सहमति जताते हुए इस निदान का समर्थन किया इस जाम से निजात हेतु बाजार के युवा शक्ति में विष्णु भगत , मुनींद्र भगत ,कपीलमुनि भगत ,विष्णु वर्मा ,सुगंध वर्णवाल ,रवी सोनी , रिशु भगत,महेश पंडित उपस्थित थे।

## माननीय मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग,झारखंड की अध्यक्षता में विभागीय बैठक संपन्न



**साहिबगंज(उजाला)** ।संजय कुमार प्रसाद यादव, माननीय मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग,झारखंड की अध्यक्षता में साहेबगंज के नये परिसदन भवन में विभागीय बैठक आहूत की गई।बैठक में माननीय मंत्री श्री यादव के द्वारा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। माननीय मंत्री श्री यादव द्वारा संथाल परगना क्षेत्र साहेबगंज जिला में स्थित फैक्ट्री एवं क्रेसर की जानकारी ली । जहां मजदूर के लिए नो स्कोप को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।वहीं जिला के दूर शहरों में साहेबगंज के प्रवासी मजदूरों के नियोजन हेतु प्रखंडो में कैंप लगाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही विभाग की योजनाओं के सफल संचालन हेतु निर्देश दिए।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, फैक्ट्री इंस्पेक्टर विनीत कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## असमाजिक तत्वों के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का ताला तोड़ सामान बिखैरा पूर्व में हो चुकी है मोटर की चोरी

**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)** ।मिजाचौकी थाना क्षेत्र तेतरिया पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़ कर अंदर स्वास्थ उपकरण के तीतर बितर करने का मामला प्रकाश में आया है, जहां घटना के बारे में उक्त स्वास्थ केंद्र में कार्यरत नर्स पूनम के द्वारा मिजाचौकी थाना को जानकारी दी गई। जहां घटना के जांच में मिजाचौकी थाना के एएसआई अरुंजय के द्वारा घटना स्थल की जांच की गई।चुकी दरवाजा का ताला तोड़ दिया गया था , स्वास्थ उपकरण को फेंक दिया गया था किंतु किसी समान के चोरी होने की बात सामने नहीं आया था जिसके बाद जांच टीम वापस आ गई।ज्ञात हो की कुछ महीने पूर्व में उसी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के पास से सरकारी मोटर की चोरी कर ली गई थी और अब पुनः इस घटना का अंजाम देना कहीं न कहीं असामाजिक तत्वों का मनोबल के बढ़ावे का इशारा कर रहा है।

## हाजीपुर राजगांव भीठा स्थित बिजली ट्रांसफार्मर कई दिनों से गड़बड़, ग्रामीण परेशान



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)** ।सदर प्रखंड के हाजीपुर राजगांव भीठा में स्थित बिजली ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली उपभोक्ताओं को हुई परेशानी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर से कभी बिजली ज्यादा वोल्टेज निकल रही है और कभी कम जिसके चलते गांव के कई लोगों का लाइट, मोबाइल चार्ज इत्यादि खराब हो चुका है ।जबकि बिजली व्यवस्था पर सुध लेने वाला और बिजली संकट को दूर करने के लिए क्षेत्र में कोई बिजली मिस्त्री बहाल नहीं किया गया है। हालांकि क्षेत्र में अखिलेश मंडल करके एक लोकल मिस्त्री क्षेत्र के बिजली व्यवस्था में लगा रहता है लेकिन इस मिस्त्री का भी हाल बदतर है कई बार फोन करने के बावजूद भी फोन रिसीव नहीं करना समय पर बिजली खराब होने वाले स्थान पर नहीं पहुंचाना जैसी बात है । ऐसे बदहाल ग्रामीण बिजली व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। बिजली उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी से ग्रामीणों ने अनुरोध किया है की बिजली समस्या को दूर किया जाय।

## कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय यादव ने की मंत्री से मुलाकात,रोजगार उद्योग पर चर्चा

**साहिबगंज(उजाला)** ।नए परिसदन में बुधवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इसके बाद कुछ देर तक जिला अध्यक्ष ने मंत्री संजय यादव से जिले के राजनीतिक परिवेश पर चर्चा की। इसके अलावा यहां रोजगार के अवसर,उद्योग लगाने,कल कारखाने लगाने पर चर्चा किया। वहीं रोजगार के लिए पलायन कर रहे मजदूरों को यहां रोकने के लिए नई नीति व व्यवस्था बनाने की मांग की।इसपर मंत्री ने जिलाअध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल की जाएगी। ताकि यहां के लोगों के लिए रोजगार का नया अवसर खुल सके।

## मिजाचौकी में पैंटोग्राफ की समस्या होने पर ट्रेन स्टेशन घुसने से पहले ही अचानक रुक गई



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)** ।मिजाचौकी रेलवे स्टेशन पर डाउन पटना साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन में पैंटोग्राफ की समस्या होने पर ट्रेन स्टेशन घुसने से पहले ही अचानक रुक गई । जिसके कारण यात्रियों में हलचल सा मच गया,और यात्री रेलवे ट्रैक पर ही उतरने लगे,वही ट्रेन स्टेशन से पहले ही रुक जाने से मिजाचौकी फाटक पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और सड़क के माध्यम से आने जाने वाले यात्रियों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा, वही बताया गया कि ट्रेन में पैंटोग्राफ की समस्या होने पर ट्रेन रुक गई थी पैंटोग्राफ ट्रेन के इंजन के छत पर लगा होता है और ट्रेन को बिजली देने का काम करता है। यह ओवरहेड बिजली लाइनों से सीधे संपर्क में रहता है ट्रेन की गति और मौसम की स्थिति के कारण पैंटोग्राफ पर असर पड़ता रहता है। पैंटोग्राफ में खराबी होने पर ट्रेन रुक जाती है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन 12 बजकर 39 मिनट पर ट्रेन रुक गई और पुनः एक बजे ट्रेन खुली और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### मनिहारी टोला गांव के एक छात्र को पढ़ाई में हो रही बांधा, शिकायत

## ऑनलाइन पढ़ाई करने के दौरान मशीन की जोरदार ध्वनि से उसके ऑनलाइन पढ़ाई में हो रही बांधा उत्पन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत मनिहारी टोला गांव के एक छात्र को पढ़ाई में हो रही बाधा को लेकर स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाया है। पुलिस को आवेदन देकर किशोर कुमार मंडल ने बताया है कि उसके घर से सटे सरत मंडल का धान कुटाई मशीन है। वे एक छात्र है। ऑनलाइन पढ़ाई करने के दौरान मशीन की जोरदार ध्वनि से उसके ऑनलाइन पढ़ाई में बाधाएं उत्पन्न होती है। जिससे पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। मशीन के ध्वनि से घर के दीवार फट गए है। समस्या को लेकर गांव के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो सका है। संचालक को कई बार दूसरे जगह मशीन सिफ्ट करने के लिए बोलने पर भी अब तक शिफ्ट नही किया है। समस्या को लेकर वे मानसिक रूप से बहुत परेशान है। वही पुलिस को आवेदन देकर तत्काल वैकल्पिक समाधान करने की मांग की है।

## सकरीगली के दिनेश यादव ने राजद का सदस्यता ग्रहण किया

**साहिबगंज(उजाला)** ।सूबे के श्रम विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव अपने दो दिवसीय दौरे में देर शाम साहिबगंज पहुंचे।कार्यकताओं व स्थानीय लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया।इसके उपरांत मंत्री सर्किट हाउज पहुंचे जहां उनसे मिलने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस बीच सकरीगली निवासी दिनेश यादव ने अपने सर्मथकों के साथ मंत्री के समक्ष राजद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मंत्री संजय यादव ने दिनेश यादव को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,पार्टी के प्रदेश महासचिव राजकिशोर यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विद्युत विभाग ने दुकान एवं घरों में मारा छापा, आधा दर्जन लोगों पर हुई प्राथमिकी दर्ज



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। वही छापेमारी दल में बरहरवा एसडीओ सत्यम कुमार मरांडी, विद्युत कर्मी वीरेन शाह, शोएब अंसारी, प्रकाश कुमार शामिल हुए।जानकारी देते हुए बताया कि तलबाडिया गांव के महादेव साह 7648रुपया, कालेश्वर शाह 7648रूपया,सोहराब अंसारी 7648रुपया, गिलहा गांव के रहमान अंसारी 9198, रक्सी गांव की गोरन चौधरी 9198, रागा गांव के महादेव शाह 9198, नुकुल शाह 9198, नंदलाल शाह 9198 पर प्राथमिकी दर्ज कराई।इस संबंध में एसडीओ सत्यम कुमार मरांडी ने कहा कि अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेकर उपयोग कर रहा था।इस दौरान विभाग के गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर कार्रवाई की गई है।

## जमीन हड़पने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में हनुमान नगर निवासी व्यक्ति ने आईजी को दिया आवेदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)** ।टाउन हॉल परिसर में बुधवार को आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के केलबाड़ी हनुमान नगर निवासी पीड़ित व्यक्ति हीरा पासवान पिता सुंदर पासवान ने अपनी पैतृक जमीन को जबरन जाली दस्तावेज बनाकर हड़पने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में संथाल परगना के आईजी जी. क्रांति कुमार को लिखित आवेदन देते हुए कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।जहाँ दिए गए आवेदन पत्र में पीड़ित व्यक्ति ने जिक्र किया है कि उनकी मां जब जीवित थी तो उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो गई जिसके इलाज के लिए उन्होंने अपने हिस्से की एक कट्टा जमीन उमेश कुमार साह पिता योगेंद्र साह से बेच दी जिसमें उमेश कुमार साह अपना घर बनाकर रह भी रहा है।वही बाकी बचे 1 कट्टा जमीन पर बने घर में माँ की मौत के बाद वे स्वंय रहे हैं मगर उनके पड़ोसी बिरजू पासवान पिता इशू पासवान व उनकी पत्नी आशा देवी गलत तरीके से जाली कागजात बनाकर अपना जमीन होने का दावा कर रही है।उधर इस मामले को लेकर थाना में भी कई बार आवेदन दिया गया है मगर अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही पुलिस के द्वारा नही की गई है जहाँ पीड़ित व्यक्ति ने आईजी से मुलाकात करते हुए फिर से लिखित आवेदन पत्र देते हुए इस दिशा में दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।उधर आईजी ने संबंधित मामले में एसपी को दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी से पूरे मामले की जांच करवाने का निर्देश देते हुए कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## बैंक खाते से 4 लाख 45000/- रुपया अवैध तरीके से निकासी का मामला आया सामने

**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)** ।राजमहल थाना क्षेत्र के बुधवरिया निवासी कोमल कुमारी ने बैंक से फर्जी निकासी के लिए शाखा प्रबंधक लालमाटी राजमहल में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में पीड़िता कोमल कुमारी ने बताया है कि मेरा संख्या-36724472410 पीहले नौ वर्षो से लालमाटी बैंक में है इस खाते में 4 लाख 45000/- रुपया था जो कि मेरे अभिवावक ने मेरी उच्च शिक्षा एवं शादी के लिए जमा रखी थी जो किसी ने अवैध तरीके से दिनांक 14/8/20244 4/12/2024 तक निकासी कर लिया है।जबकि मैं अपनी उच्च शिक्षा के लिए अपनी मासी के घर पर थी।तो मेरे खाते से पैसा की निकासी कैसे हो गया।मेरे खाते से अवैध रूप से रुपए निकासी कर लिया गया।

**किया कहते हैं शाखा प्रबन्धक**

इस संदर्भ में शाखा प्रबन्धक रत्नेश नारायण ने कहा कि मामले की संज्ञान में आया है इसकी छानबीन की जा रही है वहीं जांच के क्रम में प्रथम द्दष्टया यह बात सामने आ रही है कि मामला शिकायत कर्ता के परिवार जनों से ही जुड़ा हुआ है। शिकायत कर्ता ने भी घरेलू विवाद के चलते शिकायत करने की बात को कबूल की है। इस पर जो भी दोषी होगा उन पर करवाई की जाएगी।समाचार लिखे जाने तक समझौता के लिए प्रक्रिया की जा रही थी।

# विधायक एवं डीसी ने संयुक्त रूप से पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का किया उद्घाटन

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के काशीला में पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन बुधवार को विधायक पाकुड़ निशात आलम व उपायुक्त मनीष कुमार ने किया।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पूर्व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के अथक प्रयासों से कोल्ड स्टोरेज की नींव रखी गई थी जो आज साकार हुआ है तथा यहां के किसान इससे लाभान्वित होंगे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस कोल्ड स्टोरेज का संचालन आलम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा किया जाएगा। कोल्ड स्टोरेज की क्षमता जिले में बहुत कम थी। कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन हो जाने से पाकुड़ जिला ही नहीं, आसपास के जिले के प्रगतिशील किसानों को भी काफी सहुलियत होगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। ये कोल्ड स्टोरेज मील का पत्थर साबित होगा। आज इस परिसर में कृषि मेला भी लगाएं गए हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने हर्ष के साथ बताया कि पाकुड़ जिला में एक हजार अबुआ आवास पूर्ण किया गया हैं। 31 दिसम्बर तक और एक हजार आवास पूर्ण का लक्ष्य रखा गया है। कुल मिलाकर दो हजार आवास पूर्ण होंगे।

विधायक निशात आलम ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज से क्षेत्र के किसानों को फायदा होगा। किसान अपने फसलों को सुरक्षित रख पाएंगे। अपने मुताबिक अच्छे कीमत पर बाजार में फसलों को बेच सकेंगे। इससे किसानों को आर्थिक रूप से फायदा मिलेगा। क्षेत्र के किसान टमाटर, आलू, धनिया और फलों सहित कई तरह की उपज का भंडारण कर सकते हैं, जिससे पीक सीजन के दौरान उन्हें बेहतर बाजार मूल्य मिल सकेगा। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि इस कोल्ड स्टोरेज ने पाकुड़ में लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है, जिससे स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जूट किसानों के लिए भी दादपुर में जमीन उपलब्ध करायें गए है।

इसके अलावा विधायक व उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने मत्स्यजीवी समिति के 5 लाभुकों को बतख पालन, महाझींगा पालन, अनुदान पर नाव, केज हाउस का निर्माण करने हेतु चेक का वितरण, आत्मा के द्वारा 6 प्रगतिशील किसानों के बीच सर्टिफिकेट, 5 लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही दो बच्चों का अन्नप्राशन किया। धान अधिप्राप्ति में किसानों को जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कृषि मेला का निरीक्षण किया गया। मौके पर सांसद राजमहल की माता शांति सरोजनी मुर्मु, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कांग्रेस, जिला अध्यक्ष पाकुड़ एवं साहेबगंज, आलम कंस्ट्रक्शन के मालिक मेहताब आलम, इफ्तिघार आलम एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

**बहुत जल्द जुट फैक्ट्री भी धरातल पर देखने को मिलेगी : निशात आलम**

सदर प्रखंड के काशीला में नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का बुधवार को पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार एवं पाकुड़ विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायिका निशात आलम द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया. इस भव्य कार्यक्रम में जिला प्रशासन के कई बड़े पदाधिकारी के साथ-साथ क्षेत्र के किसान मौजूद थे. इस मौके पर नवनिर्वाचित विधायक निशात आलम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने इस क्षेत्र के किसानों के लिए जो सपना देखा था आज वह सपना पूरा हो गया. इस कोल्ड स्टोरेज के प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल को कम दामों में बेचना नहीं पड़ेगा. यहां के किसानों को अक्सर अपनी फसलों को पुणे पुणे भाव में बाजार में बेचना पड़ता है. अब से इस क्षेत्र के किसान अपनी फसलों को इसी कोल्ड स्टोरेज में रखेंगे और समय-समय पर जरूरत के हिसाब से अच्छे मूल्य में बाजार में बेचेंगे. जिससे यहां के किसानों में खुशहाली आएगी. किसानों की आमदनी बढ़ेगी.

## विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** समेकित जनजाति विकास अभिकरण पाकुड़ के द्वारा विश्व अल्पसंख्यक दिवस 2024 के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी सह सेमिनार का आयोजन सूचना भवन सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि उपायुक्त मनीष कुमार व परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू एवं जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन ने दीप प्रज्वलित कर किया।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। यह दिवस अल्पसंख्यकों के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बहुत सारे अधिकार दिए हैं। शिक्षा एवं जागरूकता के अभाव में लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहें हैं।

## पत्रकार राकेश चंदन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**पत्रकार पर फर्जी मामले और सुरक्षा को लेकर चिंतित पत्रकार ने बढ़ाया हाथ**

**झारखण्ड उजाला @ ब्यूरो राधेश्याम गोड्डा**



**गोड्डा :** गोड्डा जिले के बगल जिला दुमका के रहने वाले पत्रकार राकेश चंदन ने झारखंड के विभिन्न जिलों में पत्रकारों पर दर्ज हो रहे मामलों की सीआईडी जाँच और राज्य में पत्रकार सुरक्षा विषय को लेकर बुधवार को एआईएसएम जर्नलिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के संताल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष राकेश चंदन ने राज भवन रांची में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राकेश ने राज्यपाल को बताया कि राज्य में पत्रकारों पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमों और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के विषय को लेकर हमारी एसोसिएशन लगातार झारखंड सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का काम कर रही है, किंतु दुखद है कि सरकार न तो पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमों पर ध्यान दे रही है और न ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में कोई सार्थक पहल हो रही है. केवल संताल परगना प्रमंडल में ही लगभग दो दर्जन पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं. इतना ही नहीं राज्य के पत्रकारों का कई वर्षों से अधिमान्यता से संबंधित आवेदन भी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में लंबित रखा गया है, लेकिन विभाग इसपर ध्यान नहीं दे रहा है. कुछ पत्रकारों का बिना किसी ठोस कारण के अधिमान्यता रद्द कर संबंधित पत्रकार को सूचित न करना भी जनसंपर्क विभाग की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है. झारखंड में पत्रकार अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. राज्य के पत्रकारों को न बीमा और न आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने कोई पहल की है जब कि इस मामले पर भी एसोसिएशन लगातार आंदोलनरत है. कई पत्रकार तो ईलाज के अभाव में और दर्जनों कोरोनाकाल में दम तोड़ चुके हैं और बगैर सरकारी सहायता के उनके आश्रितों को भूखों मरने की नौबत आने वाली है. अगर सरकार चाहे तो अनुबंध पर भी परिवार के एक आश्रित को रोजगार दे सकती है और यही कार्य जिला उपायुक्तों के माध्यम से भी हो सकता है। इस दौरान राज्यपाल ने सभी बिंदुओं को बारीकी से सुनने के बाद कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के स्तंभ हैं, सभी बिंदुओं से राज्य सरकार को उनके स्तर से अवगत कराया जाएगा।

## दिव्यांगता जांच शिविर में 214 दिव्यांगजनों का जांच किया गया

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में बुधवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल एवं चिकित्सकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस शिविर में डॉ शाहबाज हुसैन, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ तापस मुर्मू, डॉ सदानंद के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए दिव्यांग जनों की जांच की गई। जांच के बाद सभी दिव्यांगों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह शिविर दिव्यांग जनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा और उनकी जिंदगी में सुधार आ सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही दिव्यांगजन सरकारी लाभ का फायदा उठा सकते है। दिव्यांगों को सरकार के द्वारा कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के अपने कार्य के प्रति पूरे लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी बेहतर कार्य करेंगे उसे सम्मानित भी किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्र में जो भी दवा उपलब्ध है, संबंधित मरीजों को देना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ यादव, अंचलाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, प्रभारी डॉ सुनील कुमार किस्कु, शैलेश कुमार, अजय कुमार, ज्योतिष पासवान, मनीष कुमार, राजेश रंजन के अलावे अन्य मौजूद थे।

## शिक्षकों की लंबित समस्याओं का होगा समाधान : विधायक संजय कुमार सिंह

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए उनकी समस्याओं को शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया। अपने आवास पर आयोजित एक सादे समारोह में उन्होंने दर्जनों शिक्षकों के बीच कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दशार्ता है।इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें फूल मालाओं, बुके और ताजपोशी से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने पद रिक्तता, प्रोन्नति और एमएसीपी (वेतन वृत्ति उन्नयन) जैसी प्रमुख समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में बाधा बन रही हैं और सरकार को इस ओर तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने विधायक को सामाजिक न्याय का पुरोधा बताते हुए शिक्षकों की समस्याओं को सुलझाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आता है और सरकार का ध्यान इनकी समस्याओं पर होना चाहिए।

विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शिक्षकों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रोन्नति से संबंधित पहल जल्द की जाएगी। इसके अलावा, एमएसीपी लागू करने के लिए 15 जनवरी 2025 से पहले शिक्षामंत्री और वित्तमंत्री के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे हमेशा शिक्षकों के साथ खड़े हैं और उनकी लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रहीम, विनोद प्रसाद समेत दर्जनों शिक्षकों ने भाग लिया। वरीय शिक्षक अंगद किशोर ने अपनी स्वरचित पुस्तक विधायक को भेंट की। मौके पर जिला संयुक्त सचिव चक्रवर्ती सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, राज्य प्रतिनिधि प्रेम कुमार चौधरी,जिला मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता और मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान सहित अन्य ने भी शिक्षा और शिक्षक हित में अपने विचार रखे। विधायक ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कदम उठाने का वादा किया।

## पंसा गांव निवासी शिक्षक स्वर्गीय रविन्द्र कुमार सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई



मोहम्मदगंज। पलामू मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा गांव निवासी शिक्षक स्वर्गीय रविन्द्र कुमार सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम मोहम्मदगंज पंसा मुख्य पथ में गांव स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित की गई। मौके पर परिजन सहित समाजसेवी , प्रबुद्धजनों ने समाजसेवी शिक्षक स्वर्गीय सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना की। मौके पर स्वर्गीय सिंह के पुत्र अश्वनी कुमार सिंह,प्रिंस सिंह के अलावा रामलखन सिंह,ब्रह्मदेव महतो,नागदेव सिंह,चन्दन मेहता,प्रशांत सभी लोगों ने कहा कि स्वर्गीय सिंह लोगों के बीच मदद के लिए और सामाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

## पूर्व सैनिक की थल सेना दिवस मनाने हेतु हुइ बैठक



**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद इकाई के पूर्व सैनिकों ने स्थानीय कार्यालय में बुधवार को बैठक की एवं आगामी 15 जनवरी 2025 को थल सेना दिवस मनाने पर विचार विमर्श किया। सभी सैनिकों ने पुर्व की भांति इस वर्ष भी सेना दिवस मनाने के लिए सहमति जताई। इसकी जानकारी देते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस दिवस को मनाने हेतु पुनः 27 दिसंबर दिन शुक्रवार को सभी पुर्व सैनिकों के साथ एक और बैठक होगी जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कौन कौन होंगे, स्कूली बच्चों एन सी सी कैडेट का प्रोग्रामों की चयन, निमंत्रण काड्र्स की छपाई,टेंट टेबल कुर्सी एवं जल पान की व्यवस्था इन सभी विषयो पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, प्रमंडलीय पेंशन अधिकारी सुबेदार अक्षय सिंह, कोषाध्यक्ष सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, कार्यालय क्लर्क असर्फी पाल एवं प्रसाद सिंह मौजूद थे।

## विनोद मेला का भव्य उद्घाटन, कई गणमान्य हस्तियों ने की शिरकत

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** दिनांक 18 दिसंबर को झारखंड आंदोलन के शिक्षा पुरोधा के महानायक एवं पूर्व सांसद विनोद बिहारी महतो की 33 वीं पुण्यतिथि पर बलियापुर बीबीएम कॉलेज परिसर में विनोद मेला का शुभारंभ भव्यता और हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मेला सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

**उद्घाटन समारोह की झलकियां**

समारोह की शुरूआत हिंदू, मुस्लिम, सिख ,इसाई धर्म के पुजारियों द्वारा पवित्र मंत्रोच्चार द्वारा की गई। उपरांत पोलित ब्यूरो सदस्य माले आनंद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, धनबाद विधायक राज सिंहा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, डूंमरी विधायक जयराम महतो, पूर्व विधायक धर्मपत्नी भाजपा नेत्री तारा देवी, आजसू अध्यक्ष पूर्व विधायक सुदेश महतो एवं विनोबा भावे कुलपति डॉ रामकुमार, बीजेपी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने मंच पर आकर विनोद बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन को विधिवत शुभारंभ किया।

**मेला का उद्देश्य और विशेषताएं**

विनोद मेला सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद, और स्वादिष्ट व्यंजन प्रमुख आकर्षण हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, संगीत, और नाटक भी प्रस्तुत किए गए।

**जनसमूह का उत्साह**

उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का आनंद लिया। मेले में झूले, खेल, और मनोरंजन के अन्य साधन लोगों को खूब भा रहे हैं। मुख्य अतिथियों ने अपने भाषणों में इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। साथ ही, इन आयोजनों से स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक मजबूती मिलती है। विनोद मेला आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की थी।

## गर्मी के दिनों में संभावित पेयजल संकट से बचने हेतु उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा अभी से तैयारी शुरू

**पाकुड़ :** सर्वे टीम में पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, रोजगार सेवक, जनसेवक एवं जेई है शामिल।उपायुक्त मनीष कुमार के आदेशानुसार पाकुड़ जिला के पाकुड़ प्रखंड, हिरणपुर प्रखंड, लिट्टीपाड़ा प्रखंड, महेशपुर प्रखंड, अमड़ापाड़ा प्रखंड एवं पाकुड़िया प्रखंडों के सभी पंचायतों में खराब सरकारी चापाकल एवं जालमीनार का हो रहा सर्वे। गर्मी के दिनों में संभावित पेयजल संकट से बचने की एक्शन प्लान की तैयारी जिला प्रशासन ने की अभी से शुरू। गठित टीम के सभी कर्मी विभिन्न स्थानों पर जाकर अपना सर्वे कर रहे हैं और टीम जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहां जल का स्तर कम है, कहां चापाकल की जरूरत है, कहां चापाकल खराब है, कहां बोरिंग की जरूरत है। इसके अतिरिक्त जो वाटर क्राइसिस है। जल संकट से उबारने के लिए सभी प्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। यह कोशिश किया जा रहा है कि शत प्रतिशत जो जल का स्रोत है उसको बचा भी सके और लोगों को गर्मी में जल की समस्या ना हो। इसके लिए जिला प्रशासन पहले से एक्शन प्लान तैयार कर रहा है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सभी लोग मेहनत से काम करें जिससे पाकुड़ जिले में बेहतर सर्वे हो सके और जो यहां का ड्राइ जोन है और बराबर जल की समस्या बनी रहती है, उससे निपटने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर सके।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे फरियादी, शिविर का आयोजन

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान जागरूकता कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने की। संचालन अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने किया। शिविर में हुसैनाबाद अनुमंडल के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार ओपी, देवरी ओपी क्षेत्र के कई फरियादी पहुंचे। अधिकांश मामले जमीन संबंधित, पारिवारिक विवाद के मामले सामने आए। शिविर में फरियादियों द्वारा लिखित आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिकायत दर्ज कराने वालों को पावती रसीद भी दी गई। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने बताया की पुलिस महानिदेशक झारखंड निर्गत आदेश के आलोक में पूरे झारखंड में शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की गई है। पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए अनुमंडल स्तर पर शिविर लगाया गया है।

शिविर कार्यक्रम में लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम और नए कानून के साथ ही जीरो एफआईआर, ऑन लाइन एफआईआर, डायल 112, 1930आदि की जानकारी दी गई, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध के झांसे में होने वाली ठगी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, पंकज कुमार तिवारी दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार, देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव सीताराम सिंह, रविरंजन सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, कलिका राम समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाने और ओपी के कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा जुर्माना

**बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा 1 लाख का जुमार्ना और 7 साल की जेल**

**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के लिए गुरुवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला+2 स्कूल के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम मे अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार ने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। सीडस के कार्यक्रम सामन्व्यक रिंपल झा ने झारखंड में 5.1% छात्र तंबाकू का सेवन कर रहे हैं इस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हर साल देश में लगभग 13 लाख लोगों की तंबाकू से मौत हो रही है। उन्होने कहा कि ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नौ गतिविधियां की जानी है। जिसमें सभी शिक्षण संस्थानों में धूम्रपान मुक्त एवं तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज का प्रदर्शन एवं नामित किए गए पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर अंकित होना, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का साइनेज शिक्षण संस्थान के मुख्य द्वार पर लगाना, तम्बाकू सेवन के दूषपरिणामों से संबंधित पोस्टर का प्रदर्शन, हर छः माह पर तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करना, तम्बाकू मोनिटर शिक्षक एवं विद्यार्थि नामित करना एवं उनका नाम पदनाम एवं मोबाईल नम्बर को साइनेज पर प्रदर्शित करना, तम्बाकू मुक्त विद्यालय हेतु आचार संहिता विकसित किया जाना, स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे को पीली रेखा से रेखांकित कर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करना तथा स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे में अवस्थित दूकानों में किसी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों की बिक्री न होना सुनिश्चित किया जाना शामिल हैं। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय, शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक श्री भोला पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा चलाया गया हेलमेट चेकिंग अभियान

**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**केरेडारी/ हजारीबाग।** सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा चलाया गया हेलमेट चेकिंग अभियान।, राजा बागी में हेलमेट एवं दोपहिया का कागजात चिकिंग अभियान चलाया गया इसमें मुख्य रूप से हेलमेट नहीं पहनने वाले को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही लगातार दो दिन चलाए गए हैं उसके दूसरे दिन भी पुनः चेकिंग अभियान चलाया नहीं पहनने वालों पर कड़ी से कड़ी की कार्रवाई लगभग 15 व्यक्तियों का काटा चलान । क्योकी रोज सड़क दुर्घनाएं बढ़ रही है इसमे 90 फीसदी लोगों की मौत बगैर हेलमेट के कारण हो रहा है सिकरी ओ पी थाना प्रभारी के द्वारा आजाद करते हुए कहा गया कि आप बाइक चालक है जब भी घर से निकलें हेलमेट लगाकर निकलें। इसी संदर्भ में कल मंगलवार को एसपी के निर्देश पर पूरे हजारीबाग जिले में बिना हेलमेट बाइक चेकिंग की गई अधिकतर बाइक जब्त भी किये गए, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने भी शसक्त पुलिस बल के साथ कई बाइक बिना हेलमेट चालक होने के कारण जब्त की है कुछ को हिदायत देकर छोड़ा गया कुछ की पेपर जांच की जा रही है। जब आपकी बाइक पकड़ी जाती है वेवजह पैरवी के लिये जनप्रतिनिधयों व पत्रकारों को परेशान करते हैं। इसलिये आप बिना हेलमेट घर से बाइक लेकर नहीं निकलें। इससे आपकी सुरक्षा भी होगी और आप किसी को पकड़े जाने पर पैरवी के लिये परेशान भी नही करेंगे।

# भारत के इस राज्य में है प्राचीन समय का अमूल्य खजाना



## सनातन धर्म को प्रदर्शित करती मंदिर और मूर्तियां आकर्षण का केंद्र

छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक महत्व के कई ऐतिहासिक और प्रसिद्ध स्थल हैं. उनमें से एक है सरगुजा का महेशपुर गांव, दुनिया की सबसे पुरानी थियेटर और शिलालेखों के लिए फेमस रामगढ़ के पास रेण नदी का तटीय क्षेत्र 8वीं शताब्दी से 13वीं शताब्दी के बीच कला और संस्कृति के अभूतपूर्व विकास का गवाह बना.

प्राचीन काल के टूटे-फूटे अवशेष सरगुजा जिले के महेशपुर और कलचा-देवगढ़ में फैले हुए हैं. शैव, वैष्णव और जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियों और प्राचीन टीलों की संख्या के लिहाज से महेशपुर आर्कियोलॉजिकल व्यू से बहुत महत्वपूर्ण है. छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ कई पुरातात्विक स्थल हैं. राज्य का प्राकृतिक स्वरूप और यहां छिपे हुए पुरातात्विक रहस्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं. इस जगह पत्थरों को तराश कर बनाई गई मंदिर और हजारों ऐसी मूर्तियां है जो सनातन धर्म को प्रदर्शित करती है.


अब तक आर्कियोलॉजिस्ट और आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट के द्वारा महेशपुर में चार टीलों की खुदाई की जा चुकी है. उन टीलों में कई मंदिरों और शिव-पार्वती की मूर्तियों के अवशेष मिले हैं. सरगुजा के उदयपुर क्षेत्र का रामगढ़, महेशपुर का इलाका भगवान राम के वन गमन और उनके वनवास के दिनों की यादों से जीवंत है. स्थानीय लोककथाओं के अनुसार जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका यहां रेण नदी के रूप में बहती हैं.

सरगुजा आने वाले सैलानियों के लिए ये स्थान आकर्षण का केंद्र हो सकता है, अंबिकापुर से रायपुर मार्ग से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर उदयपुर नाम का कस्बा है, इस कस्बे से ही महेशपुर जाने का मार्ग है.उदयपुर से करीब 12 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद आप महेशपुर पहुंच जायेंगे. पुरातत्व विभाग ने 2008-09 भी यहां खुदाई की थी, जिसमें अवशेषों का खजाना मिला था. इस स्थान पर पुरातत्व संग्रहालय भी बना है, लेकिन अवशेषों के संरक्षण की खास व्यवस्था नहीं है. साहित्यकार संतोष दास बताते है की उदयपुर से 12 किलोमीटर की दूरी पर महेशपुर नाम की जगह है, यहां 8 वीं से 13 वीं शताब्दी के पुरातात्विक अवशेष देखने को मिलते हैं, बहुत बड़ी संख्या में यहां पुरातात्विक अवशेष हैं, पर्यटकों के लिए ये काफी आकर्षक जगह है.

ग्रामीण बताते है की यहां अभी भी जमीन के नीचे हजारों की संख्या में अवशेष दबे हुए है, पुरातत्व विभाग को यहां फिर से खुदाई करानी चाहिये. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए की ये धरोहर संरक्षित हो सके और सरगुजा में पर्यटन की संभावना बढ़ सके.



कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। राजस्थान का कुम्भलगढ़ किला भारतीय इतिहास और स्थापत्य कला का एक अद्वितीय उदाहरण है। यह किला राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है और यह भारतीय किलों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कुम्भलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों, भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रसिद्ध है। यह किला केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि राजस्थान की शाही धरोहर का प्रतीक भी है। कुम्भलगढ़ को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। आइए, जानते हैं कुम्भलगढ़ के प्रमुख आकर्षण और इसके महत्व के बारे में।



# कुम्भलगढ़ पर्यटन स्थल: राजस्थान का ऐतिहासिक किला और धरोहर

### 1. कुम्भलगढ़ किला

कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। किले की दीवारें लगभग 36 किलोमीटर लंबी हैं, जो इसे दुनिया की दूसरी सबसे लंबी किलावाली दीवार बनाती हैं, केवल चीन की दीवार के बाद। कुम्भलगढ़ किले का किला परिसर बहुत विशाल है और इसमें कई महल, मंदिर और जलाशय हैं। किले की दीवारों पर चढ़कर आप कुम्भलगढ़ और आसपास के क्षेत्र का शानदार दृश्य देख सकते हैं।

### 2. बड़ी सीढ़ियाँ

कुम्भलगढ़ किले की विशाल दीवारों के आसपास बड़ी सीढ़ियाँ हैं, जिन पर चढ़ते हुए पर्यटक किले के विभिन्न हिस्सों को देख सकते हैं। इन सीढ़ियों से किले के भीतर के अन्य महलों और संरचनाओं का दृश्य अद्भुत होता है। किले की दीवारों पर बनी मजबूत संरचना यह दर्शाती है कि किले का निर्माण युद्ध की दृष्टि से बहुत ही मजबूत और प्रभावशाली था।

### 3. कुम्भलगढ़ किला के महल

कुम्भलगढ़ किले में कई महल स्थित हैं, जिनमें सबसे प्रमुख महल राणा कुम्भा महल है। इस महल का वास्तुशिल्प राजपूत शैली का अद्भुत उदाहरण है। इस महल में राजपूत शाही परिवार के लिए शानदार कक्ष, जलाशय और स्विमिंग पूल भी बनाए गए थे। महल के अंदर एक संग्रहालय भी है, जहाँ कुम्भलगढ़ किले के इतिहास और यहां रहने वाले शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

### 4. कुम्भलगढ़ के मंदिर

कुम्भलगढ़ किले के भीतर कई मंदिर स्थित हैं, जो किले की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। इनमें से कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में लक्ष्मी नारायण मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर हैं। इन मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों और शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है। ये मंदिर दर्शाते हैं कि कुम्भलगढ़ सिर्फ एक किला ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थल था।

### 5. कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

कुम्भलगढ़ किले के आसपास स्थित कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, एक शांतिपूर्ण और प्राकृतिक स्थल है। यहाँ की घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और पक्षी पाए जाते हैं। पर्यटक यहाँ जैव विविधता का आनंद ले सकते हैं और जंगली जीवन के करीब जा सकते हैं। अभयारण्य में ट्रैकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियाँ भी उपलब्ध हैं।

### 6. कुम्भलगढ़ किले का सूर्यास्त

कुम्भलगढ़ किला सूर्यास्त के समय बेहद सुंदर नजर आता है। किले की दीवारों पर चढ़कर सूर्यास्त का दृश्य देखना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह दृश्य न केवल मनोहक है, बल्कि यह पर्यटकों को शांति और सुकून का अनुभव भी कराता है।

### 7. कुम्भलगढ़ में फेस्टिवल्स और इवेंट्स

कुम्भलगढ़ किले में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, महोत्सव और प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। यहाँ का कुम्भलगढ़ महोत्सव एक प्रमुख उत्सव है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक संगीत, नृत्य और शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाता है। यह महोत्सव किले के ऐतिहासिक महत्व को फिर से जीवित करता है और पर्यटकों को एक शानदार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

### कैसे पहुंचे कुम्भलगढ़?


हवाई मार्ग : कुम्भलगढ़ का निकटतम एयरपोर्ट उदयपुर में स्थित है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 85 किलोमीटर दूर है। उदयपुर से टैक्सी या बस द्वारा कुम्भलगढ़ पहुंचा जा सकता है।

रेल मार्ग : कुम्भलगढ़ का निकटतम रेलवे स्टेशन नाथद्वारा रेलवे स्टेशन है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है। आप नाथद्वारा स्टेशन से कुम्भलगढ़ के लिए टैक्सी ले सकते हैं।

सड़क मार्ग : कुम्भलगढ़ सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उदयपुर, राजसमंद और अन्य प्रमुख शहरों से कुम्भलगढ़ के लिए बसें और टैक्सियाँ उपलब्ध हैं।

### सर्वोत्तम समय

कुम्भलगढ़ घूमने का सर्वोत्तम समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बहुत बढ़ सकता है, इसलिए इस मौसम में यात्रा करने से बचना चाहिए ।सबसे अच्छे वेकेशन पैकेज कुम्भलगढ़ किला राजस्थान का एक अद्भुत पर्यटन स्थल है, जो ऐतिहासिकता, वास्तुकला, और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ का किला, मंदिर, वन्यजीव अभयारण्य और सूर्यास्त के दृश्य पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। कुम्भलगढ़ ना सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह शांति, सुंदरता और रोमांच का भी एक बेहतरीन मिश्रण है। अगर आप राजस्थान की समृद्ध धरोहर को जानने के इच्छुक हैं, तो कुम्भलगढ़ एक बेहतरीन यात्रा स्थल है।



# कश्मीर को भी टक्कर देती हैं भारत की ये शानदार जगहें

कश्मीर अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। लेकिन कश्मीर के अलावा हमारे देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनको मिनी कश्मीर कहा जाता है। ऐसे में आप भी इन जगहों पर पहुंचकर जन्नत का दीदार कर सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर को जन्नत कहा जाता है। ऐसे में अधिकतर लोग जन्नत यानी की जम्मू-कश्मीर के दीदार के लिए जाते हैं। खूबसूरती के मामले में यह जगह किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। इसलिए इस जगह पर सिर्फ भारत से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं। कश्मीर अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। लेकिन कश्मीर के अलावा हमारे देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनको मिनी कश्मीर कहा जाता है।

ऐसे में आप भी इन जगहों पर पहुंचकर जन्नत का दीदार कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की ऐसी की कुछ अद्भुत और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में मौजूद तोष को भी कश्मीर नाम से जाना जाता है। हिमाचल के कुल्लु जिले में स्थित तोष में हर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।

समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर मौजूद तोष गांव खूबसूरती के मामले में जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है। बर्फबारी के दौरान यह जगह कश्मीर की तरह लगती है। बर्फबारी के दौरान यह गांव बर्फ की चादर से ढक जाता है।

### औली

उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थिति औली एक ऐसी जगह है, जहां पर घूमने का सपना सभी का होता है। यहां पर बड़े-बड़े देवदार के पेड़, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झील-झरने और घास के मैदान औली की सुंदरता को बढ़ाने का काम करते हैं।

इस हिल स्टेशन की खूबसूरती और बर्फबारी इस कदर फेमस है कि इसको उत्तराखंड का कश्मीर भी कहा जाता है। इसको मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता है। औली में बर्फबारी के दौरान यहां पर काफी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां के नजारे बिलकुल कश्मीर की तरह लगते हैं। यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी करने का अपना ही मजा होता है।

### मेचुका वैली

सिर्फ उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में ही खूबसूरत जगहें नहीं हैं, बल्कि आपको देश के नॉर्थ ईस्ट इंडिया में भी मनमोहक जगहें देखने को मिलती हैं। देश के इस हिस्से में कई अद्भुत और शानदार जगहें हैं, जो जम्मू-कश्मीर को भी टक्कर देने का काम करती हैं।


बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में स्थित मेचुका वैली एक ऐसी शानदार जगह है, जिसको नॉर्थ ईस्ट का कश्मीर माना जाता है। यहां पर घास के मैदान, मनमोहक पहाड़ और झील-झरने इस जगह की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। मेचुका वैली में जब बर्फ पड़ती है, तो पूरी वैली सफेद रंग में रंगी दिखती है। यहां के नजारे कश्मीर से कम नहीं होते हैं।

### मुनस्यारी

समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी बेहद खूबसूरत और मनमोहक जगह है। यह जगह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पड़ती है। यह उत्तराखंड के टॉप हिल स्टेशन्स में से एक है। यहां पर काफी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

मुनस्यारी अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। इसको मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। बर्फबारी के दौरान यह हिल स्टेशन बर्फ की चादर से ढक जाता है और यह इस दौरान यहां पर बर्फबारी का आनंद लेने के लिए काफी पर्यटक पहुंचते हैं। वहीं एडवेंचर प्रेमियों के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। मुनस्यारी में स्नो ट्रैकिंग पूरे भारत में फेमस है।

# पश्चिम बंगाल की खूबसूरती को बढ़ाती हैं ये समुद्र तटीय जगहें



पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो हिमालय पर्वत से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला है। इसलिए यहां पर हर साल लाखों की संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पश्चिम बंगाल देश का एक प्रमुख और बेहद खूबसूरत राज्य है। यह भारत का चौथा और सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह देश का 13वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। यह देश का एक ऐसा राज्य है, जो हिमालय पर्वत से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला है। इसलिए यहां पर हर साल लाखों की संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। पश्चिम बंगाल में सैमसिंग, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, संदक्फू और कलिम्पोंग जैसे हिल स्टेशन्स के बारे में तो हर कोई जानता है।

लेकिन पश्चिम बंगाल में मौजूद खूबसूरत समुद्र तटीय जगहों के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पश्चिम बंगाल में स्थित समुद्र तटीय जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जो राज्य की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। ऐसे में आप भी इन जगहों पर घूमने के लिए पहुंच सकते हैं।

दीघा

अगर पश्चिम बंगाल में किसी शानदार और फेमस समुद्र तटीय जगहों पर घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले दीघा पहुंचते हैं। यह जगह कोलकाता से करीब 164 किमी दूर बंगाल के टॉप डेस्टिनेशन में शामिल है।

दीघा बीच को समुद्र की हसीन लहरों के लिए जाना जाता है। यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बीच की खूबसूरती मुंबई या गोवा बीच से कम नहीं है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं। इस बीच पर आप सूर्योदय और सुर्यास्त के भी मनमोहक नजारे देख सकते हैं।

शंकरपुर

बंगाल की खाड़ी के पास स्थित शंकरपुर राज्य का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। दीघा से करीब 15 किमी की दूरी पर यह खूबसूरत जगह स्थित है।

बता दें कि यह बेहद शांत जगह है, जहां पर आप सुकून के दो पल बिता सकते हैं। यह बंगाल के सबसे साफ-सुथरे बीचेज में से एक माना जाता है। शंकरपुर में एक तरफ समुद्र की लहरें और दूसरी तरफ सफेद रेत देखने को मिलेगी। इसके साथ ही आप यहां पर शानदार और मजेदार वॉटर स्पोर्ट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

ताजपुर

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 172 किमी दूर ताजपुर एक बेहद खूबसूरत और फेमस समुद्र तटीय जगह है। यह बेहद खूबसूरत जगह राज्य के मंदारमणि और शंकरपुर के बीच स्थित है।

सैलानियों को ताजपुर बीच सबस ज्यादा आकर्षिक करता है। आप इस बीच से राज्य की खूबसूरती को करीब से निहार सकते हैं। ताजपुर में भारत की सबसे डीप सी बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है। आपको यहां का सनसेट और सनराइज का बेहद शानदार नजारा मिस नहीं करना चाहिए।

मंदारमणि

बता दें कि कोलकाता से करीब 171 किमी और दीघा से 30 किमी दूर मंदारमणि गांव स्थित है। यहां पर भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

इस गांव में मंदारमणि बीच राज्य के सबसे ट्रेंडी बीच रिट्रीट में से एक माना जाता है। यहां का शांत माहौल और मनमोहक नजारा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर आप वॉटर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सर्दियों में घूमने के लिहाज से यह एक बेस्ट जगह है।

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन



अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के बिजनेस करने वाले लोगों के लिए दिन शुभ है। आप अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे, जिससे आपको भविष्य में फायदे होने के आसार नजर आ रहे हैं। बुरे व्यवहार के कारण लोगों से आपकी बहस हो सकती है। दोस्त आपके कामों में सहयोग करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा। आप कम समय में बहुत से काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। आपके कई दिनों से रुके हुए काम पूरे होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। लवमेट्स के लिए रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

**मिथुन राशि :-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े कामों में आपकी जीत होगी। किसी पुराने लोन की ई.एम.आई. से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे। भाइयों के साथ रिश्तों में मजबूती आएगी। लोग आपसे कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को किसी कॉम्पटीशन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

**कर्क राशि :-** आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। ऑफिस में काम को लेकर आपकी अहमियत बढ़ेगी। आप खुद की मेहनत से संतुष्ट रहेंगे। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। साथ ही कुछ जूनियर आपसे काम सीखने की इच्छा जाहिर करेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़ें है, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। पहले किए गए निवेश का आपको लाभ होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को ऑफर आएगा।

**सिंह राशि :-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। अगर आप खुद पर भरोसा रखेंगे तो करियर को लेकर कुछ नए अवसर ढूंढ निकालने में सफल होंगे। इस राशि के वकीलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा। आप कोई भी फैसला लेते वक्त थोड़ा असमंजस में रहेंगे। अच्छा रहेगा किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बनेगा।

**कन्या राशि :-** आज घर में कुछ मरम्मत या सजावट करने की योजना बनाएंगे। आप गाड़ी खरीदने का भी मन बना सकते हैं। किसी से ऐसा वादा ना करें, जिसे पूरा ना कर पाएं। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। इस राशि के नौकरी करने वालों को कंपनी में किसी नए काम की जिम्मेदारी मिलेगी। कामकाज की योजना में बदलाव करेंगे। लवमेट्स कहीं घूमने जाएंगे। दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

**तुला राशि :-** खयाली पुलाव पकाना मदद नहीं करता. परिवार की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आपको कुछ कर दिखाने की जरूरत है. जरूरत से ज्यादा खर्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें. पड़ोसियों से झगड़ा आपका मूड खराब कर सकता है. लेकिन अपना आपा न खोएँ, इससे सिर्फ आग और भड़केगी. अगर आप सहयोग न करें, तो कोई आपसे नहीं झगड़ सकता है. सबसे अच्छा रिश्ता बनाए रखने की कोशिश करें.

**वृश्चिक राशि :-** खुश हो जाएँ क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और आप स्वयं में अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे. किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है. यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है. किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है. अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं.

**धनु राशि :-** आज आपको बिजनेस और कार्यक्षेत्र से जुड़ी यात्रा करनी पड़ेगी, जिसका फायदा आपको आने वाले समय में होगा। इस राशि के नौकरी करने वालों का प्रमोशन होगा, जिससे पूरा दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी अस्पताल से आपको जॉब का ऑफर आ सकता है। नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**मकर राशि :-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई फैसला लेने से पहले उसपर दोबारा सोच-विचार करें। किसी को अपने विचार से सहमत कराने की कोशिश करेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे खुश रहेंगे। आपको किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मौका मिलेगा। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। इससे उनके रिश्ते में और मधुरता आएगी। ऑनलाइन व्यापार कर रहे व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होने वाला है। दाम्पत्य जीवन में शुभ समाचार मिल ने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के व्यापारी अपने व्यापार को बढ़ाने का नया तरीका अपनाएंगे। मेहनत के दम पर आप अपने कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। जीवनसाथी के स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। फर्नीचर का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए का दिन बेहतरीन रहने वाला है।

**मीन राशि :-** खुशी से भरा अच्छा दिन है. इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है. घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें. नये रोमांस की संभावना प्रबल है, प्रेम का फूल आपकी जिन्दगी में जल्दी ही खिल सकता है. जो लोग विदेश व्यापार से जुड़े हैं उन्हें आज मनमाफिक फल मिलने की पूरी उम्मीद है. इसके साथ ही नौकरी पेशा से जुड़े इस राशि के जातक आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण इस्तेमाल कार्यक्षेत्र में कर सकते हैं.

# अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गगद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि ह्यमीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थूह्न की वैचारिक सोच वाली राजनीति



लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा। ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है। वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी।

## उम्मीद का अंतरिक्ष

भारत अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा है। पहले उसे अपने अंतरिक्ष यानों के प्रक्षेपण के लिए दूसरे देशों की मदद लेनी पड़ती थी, मगर अब उसने स्वदेशी प्रक्षेपण यानों का निर्माण कर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है, बल्कि उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में अमेरिका, रूस और चीन से प्रतिस्पर्धा भी करने लगा है। स्काईरूट रॉकेटों की एक श्रृंखला विकसित कर रहा है, उन सभी का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। भारत में उपग्रह प्रक्षेपण का शुल्क बाकी देशों की तुलना में काफी कम होने की वजह से अनेक देश अब यहीं से अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण कराना उचित समझते हैं। इस मामले में एक नया कीर्तिमान रचा है, स्काईरूट नाम की एक निजी कंपनी ने पहली बार राकेट प्रक्षेपित करके। यह पहला मौका है, जब कोई निजी कंपनी उपग्रह प्रक्षेपण के क्षेत्र में उतरी है।

हालांकि भारत सरकार ने दो साल पहले ही निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए भी अंतरिक्ष अनुसंधान का क्षेत्र खोल दिया था, उसी के तहत विक्रम एस नाम का यह निजी कंपनी का राकेट तैयार किया गया। इस राकेट ने दो घरेलू और एक विदेशी कंपनी के उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का बीड़ा उठाया। यह प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के दिशा-निर्देशों के तहत ही किया गया। हालांकि जब अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए छूट का प्रस्ताव पारित हुआ था, तब तरह-तरह के संदेह जाहिर किए गए थे। कई लोगों का मानना था कि इससे इसरो की गोपनीयता भंग होगी और यहां की तकनीक चोरी होने का खतरा बना रहेगा। मगर स्काईरूट के पहले राकेट प्रक्षेपण से वे तमाम आशंकाएं निर्मूल साबित होती नजर आ रही हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अभी असीम संभावनाएं हैं और अनेक वैज्ञानिक निजी स्तर पर बहुत कुछ करना चाहते हैं, मगर उन्हें इसरो और दूसरे देशों के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों की तरफ से उचित मदद नहीं मिल पाती।

अब ऐसे वैज्ञानिक अंतरिक्ष को अपने ढंग से खंगाल सकेंगे और नई संभावनाओं के मार्ग खोलने में मदद कर सकेंगे। जिन तीन कंपनियों के उपग्रह अभी छोड़े गए हैं, वे स्टार्ट-अप कंपनियां हैं और वे अंतरिक्ष में कचरा प्रबंधन जैसे कार्य करने को उत्सुक हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सरकारी स्तर पर हो रहे कार्यों में कई तरह की वैधानिक जटिलताएं होती हैं, जिसके चलते उनमें अनावश्यक देर होती रहती है या फिर वैज्ञानिक कई परियोजनाओं पर आगे नहीं बढ़ पाते। निजी क्षेत्र के अनुसंधान में ऐसी अड़चनें नहीं आतीं। इसलिए इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के आने से निस्संदेह अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। आज जिस तरह हर काम डिजिटल तकनीक पर निर्भर होता गया है, उसमें उपग्रहों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। इसलिए उपग्रह प्रक्षेपण का कारोबार ही काफी बड़ा होता गया है। फिर अंतरिक्ष के अनेक रहस्य अभी बहुत उलझे हुए हैं। अभी तक ज्यादातर जानकारियां सौरमंडल से ही जुड़ी हुई प्राप्त हो पाई हैं, जबकि इसके पार भी बड़ा संसार है। वहां तक पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर निजी कंपनियां अपने संसाधनों के जरिए इस दिशा में कुछ वैज्ञानिक योगदान देने और संभावनाओं के दोहन में मदद करती हैं, तो उन्हें प्रोत्साहन मिलना ही चाहिए। दुनिया में कुछ कंपनियां अब दूसरे ग्रहों और अंतरिक्ष की सैर की योजनाएं भी बनाने लगी हैं। अंतरिक्ष में पर्यटन का खाका तैयार है।

## निजता की सुरक्षा

सहमति के बगैर किसी के भी निजी जीवन से जुड़ी जानकारियां सार्वजनिक या साझा करना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। मगर डिजिटल दुनिया के विस्तृत होते दायरे में निजता को लेकर ही सबसे अधिक खतरे बढ़े हैं। हर किसी के जैविक ब्योरे, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से जुड़ी जानकारियां, व्यावसायिक या व्यक्तिगत लेन-देन संबंधी सूचनाएं किसी न किसी रूप में कहीं न कहीं दर्ज हैं। डिजिटल संग्रह में जमा ये तमाम सूचनाएं सदा बनी रहती हैं। इसलिए इनमें सेंधमारी की आशंका हर समय बनी रहती है। इन संग्रहित ब्योरों की सुरक्षा के उपाय तमाम कंपनियां करती हैं, फिर भी उनमें सेंधमारी हो ही जाती है। जबसे स्मार्ट फोन का चलन बढ़ा है, निजी ब्योरों की चोरी और उनके दुरुपयोग की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसके अलावा इसका एक चिंताजनक पहलू यह है कि इन संग्रहों में दर्ज डिजिटल ब्योरे कंपनियां खुद दूसरी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए साझा करती रहती हैं। इस समस्या से पार पाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक 2022 का मसविदा तैयार किया है। इसके तहत निजी ब्योरों का दुरुपयोग करने वाली कंपनियों पर पांच सौ करोड़ रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। पहले इसमें जुमार्ने की राशि पंद्रह करोड़ रुपए या संबंधित कंपनी के वैश्विक कारोबार का चार फीसद प्रस्तावित था।

जब आधार पहचान पत्र बनाने की अनिवार्यता लागू की गई थी, तो देश में इसका चौतरफा विरोध हुआ था। इसके दुरुपयोग और इससे लोगों के निजता संबंधी मौलिक अधिकार के हनन की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। ऐसा इसलिए कि आधार में व्यक्ति के जैविक ब्योरे डिजिटल रूप में दर्ज होते हैं और उनके जरिए उसके निजी जीवन में बहुत आसानी से ताकझांक की जा सकती है। इसका विरोध होने पर सरकार ने भरोसा दिलाया था कि निजी डिजिटल ब्योरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें सेंधमारी की गुंजाइश बिल्कुल नहीं है। मगर अनेक लोगों ने सार्वजनिक रूप से आधार पहचान में दर्ज ब्योरों की चोरी करके दिखाया और इसे रोकने की मांग दुहराई। फिर भी आधार पहचान पत्र न सिर्फ अनिवार्य बना रहा, बल्कि उसे लोगों के बैंक खाते, भविष्य निधि, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं, सरकारी योजनाओं का लाभ पाने जैसी हर गतिविधि से जोड़ दिया गया। अब उसे मतदाता पहचान पत्र से भी जोड़ा जा रहा है। इसी तरह आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के निजी जैविक ब्योरों का एक अलग से डिजिटल संग्रह तैयार करने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे लोगों पर हर वक्त नजर रखी जा सके। ऐसे में जब हर व्यक्ति के निजी ब्योरे तमाम कंपनियों, संस्थानों, संस्थाओं, छोटे-मोटे कारोबारी संगठनों तक के पास साझा हैं, उनके दुरुपयोग के खतरे दिनोंदिन बढ़ते गए हैं। अब तो कई कंपनियां लाभ के लिए अपने संग्रह में उपलब्ध लोगों के निजी ब्योरे दूसरी कंपनियों को व्यावसायिक उपयोग के सहज उपलब्ध कराती देखी जाती हैं। यही वजह है कि हर किसी के पास रोज दसियों फोन कर्ज, बीमा, स्वास्थ्य जांच, दाखिले, घरेलू कामकाज, दान, चुनाव प्रचार आदि के लिए आ ही जाते हैं। लिहाजा, अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों के जैविक ब्योरे भी आपराधिक गतिविधियों में संलग्न संगठनों, आतंकवादी समूहों के पास पहुंचते होंगे और वे चूंकि अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, लोगों की हर गतिविधि पर बहुत आसानी से नजर रख पाते होंगे। इस खतरे से सुरक्षा जरूरी है।



# प्रदर्शन करने निकले थे 500 मीटर भी नहीं चल पाए

## बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन फुस्स, बड़े नेता दफ्तर में ही बैठे रह गए

## कारोबारी गौतम अडाणी की गिरफ्तारी और मणिपुर हिंसा के खिलाफ सड़क पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## सचिव शमी कपूर ने कहा 'पूरे देश में अराजकता की स्थिति है। मोदी और अमित शाह की तानाशाही चल रही है।



**पटना।** कारोबारी गौतम अडाणी की गिरफ्तारी और मणिपुर हिंसा के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस का प्रदर्शन रस्मअदायगी की तरह रहा। पूरा प्रदर्शन महज आधे घंटे के अंदर खत्म हो गया। कांग्रेसी पांच सौ मीटर ही आगे बढ़ पाए थे की उन्हें पुलिस ने रोक दिया और लौटा दिया। इधर, पूरे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर पार्टी की टॉप लीडरशिप गायब रही। जबकि प्रदर्शन को लेकर मीडिया को बताया गया था कि इसमें प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल होंगे। अडाणी और मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया था। लेकिन बिहार में इसका कोई असर नजर नहीं आया। पटना में कांग्रेस ऑफिस से लेकर राजभवन तक नेता पैदल मार्च निकालने निकले थे। लेकिन पुलिस ने बीच में ही खदेड़ दिया। इस दौरान नेता केंद्र के खिलाफ सिर्फ नारेबाजी करते ही नजर आए। बिहार प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमी कपूर ने कहा 'पूरे देश में अराजकता की स्थिति है। मोदी और अमित शाह की तानाशाही चल रही है। मणिपुर जल रहा है। देश में अडाणी की सरकार चल रही है। इनको रोजगार और भ्रष्टाचार से कोई मतलब नहीं है। न योगी के बाल बच्चे है और न मोदी के। ये लोग क्या लोगों का दर्द समझेंगे। जब हम अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे तो बीच में हमें रोक दिया गया।' कांग्रेस नेताओं ने कहा 'अमेरिका में गौतम अडाणी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। इसके बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। कानून के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मणिपुर में अभी भी हिंसा जारी है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है।'

**सचिव शमी कपूर ने कहा मणिपुर जल रहा है। देश में अडाणी की सरकार चल रही है। इनको रोजगार भ्रष्टाचार से कोई मतलब नहीं है। न योगी के बाल बच्चे है और न मोदी के।**

### प्रदर्शन में पूर्व मंत्री-विधायक ही हुए शामिल

प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह शामिल नहीं हुए। इसके अलावा सीनियर लीडर मदन मोहन झा, विधानसभा में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान शामिल नहीं हुए।

प्रदर्शन में विधायक प्रतिमा दास, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपाशंकर, कांग्रेस के सभी प्रवक्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा, पूर्व विधान पार्षद अजय कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### बेतिया में विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत



**बेतिया।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आशानगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान आशानगर पटेल चौक निवासी मोहित कुमार श्रीवास्तव की पत्नी सिमरन राज(29) के रूप में हुई है। नाका थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के सुनील कुमार ने संदेह जताया है कि उसकी बेटी की कुछ खिलाने से मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर कार्रवाई के लिए संबंधित थाना को भेजा जाएगा। मृतका के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार मनी वर्मा ने बताया कि सिमरन राज की विगत एक सप्ताह से सांस और बुखार संबंधित समस्या थी। जिसके कारण उसका तबीयत खराब थी, इसकी जानकारी देकर मायके वाले को बुलाया गया था। लेकिन, वे आने से इनकार कर दिए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह सिमरन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में करीब 8:30 बजे इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान शाम में उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद शव को लेकर आशानगर घर लाया गया और इसकी सूचना मायके वाले को दी गई। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**बेतिया।** में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हुई है। घटना बेतिया-सुगौली रेल खंड के गेट नंबर-188 के पास की है। हालांकि, घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मृतक महिला की पहचान मझौलिया के नौतन खुर्द पंचायत के सेमरा ब्रिज निवासी स्वर्गीय फरजान मियां की 55 वर्षीय पत्नी शकीना खातून के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के पीछे बेतिया-सुगौली रेल खंड पर मंगलवार को शाम बांद्रा ट्रेन के चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई है।बताया जाता है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। पहले से ही बीमार चल रही थी। हालांकि, घटना की सूचना मझौलिया के सहायक स्टेशन मास्टर अतुल कुमार ने सुगौली जीआरपी को दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन के रन ओवर से महिला की मौत नहीं हुई है। ट्रेन के ठोकर से महिला की मौत हुई है।

### पटना हाई कोर्ट के वकील के घर छापेमारी, 4 घंटे तक छापा



**हाजीपुर।** के एसडीओ रोड स्थित एक मकान में NIA की टीम ने बुधवार की सुबह रेड की। टीम ने संदीप कुमार सिन्हा के घर में सुबह 5 बजे से लेकर 09:15 बजे तक छापेमारी की। लेकिन चार घंटे की तलाशी में NIA के हाथ कुछ भी नहीं लगा। NIA की टीम ने संदीप कुमार सिन्हा के घर ट्रक, पेटी, बक्सा, अलमारी, गोदरेज , सारे चीजों का तलाशी लिया, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। बता दें कि संदीप कुमार सिंहा पटना उच्च न्यायालय में बतौर अधिवक्ता के पद पर कार्यरत है। फिलहाल छापेमारी को लेकर मीडिया के किए गए सवालों पर NIA और पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

### शातिर ठग गिरफ्तार, 2 साथी फरार

**पटना।** के नदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से एक एटीएम बरामद हुआ है। जो दूसरे के नाम पर है। गिरोह के 2 सदस्य फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।फर्जी पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट दिखाया था फतुहा डीएसपी-1 निखिल कुमार ने बताया कि एक महीने पहले गिरफ्तार व्यक्ति पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। उसने अपनी गाड़ी में 6 हजार का पेट्रोल भरवाया। साथ ही काउंटर से 4200 रुपए कैश भी लिया। मैनेजर को फर्जी पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट भी दिखाया था। शातिर ने पैसे नहीं भेजे, उल्टा मैनेजर का ही अकाउंट होल्ड हो गया। मंगलवार को फिर से उसी पेट्रोल पंप पर कार से 2 लोगों के साथ पहुंचा था। जिसे कर्मचारियों ने पहचान लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## चंदा विवाद में आपस में भिड़े पुजारी और सेवादार



**पटना।** जिले के बख्तियारपुर में चंदा और दक्षिणा विवाद में पुजारी और सेवादार आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना करौटा स्थित मां जगदंबा मंदिर की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद ने बताया कि छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। माता के आशीर्वाद से इस मंदिर को भव्य बनाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। चंदा और दक्षिणा उगाही की बात बेबुनियाद है। घर के झगड़े को लेकर आपस में भिड़े थे। मंदिर की छवि को धूमिल करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद कार्रवाई करेंगे वहीं, बाढ़ एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जल्द ही दोनों पक्षों से संपर्क किया जाएगा। निजी विवाद की बात सामने आ रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गैस रिसाव से लगी घर में आग



**वैशाली।** के पातेपुर थाना क्षेत्र की मंडइडीह पंचायत के वार्ड संख्या-6 पूर्वी टोला में रसोई गैस के रिसाव से भीषण आग लग गई। घटना देर शाम की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना में घर में रखे आभूषण, कपड़ा, नकद रुपए, बर्तन, राशन आदि लाखों रुपए का समान जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मंडई डीह गांव निवासी प्राइवेट ट्यूटर प्रताप वीरेंद्र शंकर उर्फ भोला सिंह घर में गैस पर अपने लिए चाय बनाने गए थे। इस दौरान जैसे ही गैस जलाया सिलेंडर में आग पकड़ लिया। बताया गया कि ट्यूशन पढा कर छुट्टी देने के बाद शिक्षक गैस चूल्हा पर चाय बना रहे थे।पीड़ित ने बताया कि बीते रविवार को गैस एजेंसी की गाड़ी से सिलेंडर की डिलिवरी ली थी। उसी दिन सिलेंडर से लीक गैस की गंध का अनुभव हो रहा था। डिलेवरी के समय भी वेंडर से वॉल्व चेक कर लेने को कहा था। उन्होंने सब ठीकठाक बताया था। मंगलवार की शाम चाय बनाने के दौरान लीक हो रहे गैस में आग पकड़ लिया। सिलेंडर में आग लगते ही भयानक रूप धारण कर लिया। सिलेंडर में आग लगते ही वे बाहर भाग कर शोर मचाना शुरू कर दिया. इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। जिससे आग विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर जुटे लोगों ने दी फायर ब्रिगेड की सूचना दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया. बताया गया कि जब तक आग पर काबू पाया जाता घर समेत घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। गृह स्वामी ने बताया है कि अगलगी में अनाज, कपड़े, बर्तन, पत्नी के तीन चार लाख के जेवर व कपड़े, घर बनाने के लिए बक्से में रखा एक लाख 28 हजार रुपए कैश और अन्य सामान जलकर राख हो गया। बताया गया कि घटना में लगभग 5 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## बेतिया में आग लगने से 7 घर जलकर राख





**बेतिया।** में मंगलवार शाम अचानक आग लगने से 7 घर जलकर राख हो गया। घटना जिले के नरकटियागंज प्रखंड के मथुरा गांव की है। हालांकि, घटना की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने स्थानीय लोगों के मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब-तक घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं, इस अगलगी की घटना में मथुरा गांव के वार्ड 9 निवासी शेष नाथ मुखिया, अंसारी मुखिया, मुस्मात मंदोदर, राजकुमार दास, जोखु मुखिया, मेघ मुखिया और राजदेव मुखिया का घर जल कर राख हो गया है। इसकी जानकारी गोखुला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रोशन ब्याहत ने दी है। उन्होंने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में गैस रिसाव होने लगा। इसके चलते फुसनुमा घर में आग पकड़ लिया।जब तक घर वाले कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आग बुझाने के प्रयास में सभी ग्रामीण भी जुटे हुए थे। लेकिन देखते ही देखते आग 7 घरों को अपने आगोश में ले लिया था। हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के पहुंचने के बाद अन्य घरों को जलने से बचा लिया गया है। उन्होंने बताया इस घटना में गरीब परिवार का 7 घर जल गया है और घर में रखा कपड़ा, बर्तन चौकी, गहना रुपया समेत सभी जल कर नष्ट हो गया है। इधर, थाना इंचार्ज अवनीश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया है।

## दो किलो गांजा के साथ दो तस्कर अरेस्ट



**बेतिया।** रेल पुलिस ने छापेमारी कर मुजफ्फरपुर-बेतिया रेखखंड के सुगौली रेलवे स्टेशन से दो किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके पास से जब्त गांजा का अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 40 हजार रुपया कीमत बताया गया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर मझौलिया थाना के बखरिया निवासी रौनक मिश्रा उर्फ जग्गू, गुदरा के जमादार यादव बताए गए हैं। इधर मंगलवार शाम रेल डीएसपी उमेश कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर रेल एसपी को गुप्ता सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में नेपाली गांजा का खेप सुगौली रेलवे स्टेशन से सप्तक्रांत एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली मेट्रो स्टेशन के पास जाने वाला है। सूचना के आधार सुगौली रेल पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पीठू बैग में छुपाकर रखे गए दो किलो गांजा के साथ जमादार व रौनक को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि गांजा को दिल्ली इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के समीप संजू कुमार उर्फ अन्ना व उसके साढु कार्तिक को ITO थाना के अन्ना देना था।

## महापौर ने समारोह पूर्वक बांटा कबीर अंत्येष्टि योजना का चेक



**बेतिया।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के लाभुक परिवारों को अनुदान राशि का चेक समारोह पूर्वक सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे यानी इढछ परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इढछ श्रेणी के परिवारों के किसी भी उम्र के व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार या आश्रित को अंतिम संस्कार के खर्च के लिए एकमुश्त अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह योजना पूरी तरह से राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्त-पोषित है। लाभुकों में प्रतिभा देवी, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद अख्लाक, रंभा देवी, दीपलाल बैठा, आनंद किशोर दास, हलीमा खातून आदि शामिल रहे।

इस मौके पर निगम के नाजिर साहब अली के साथ मो इम्तियाज, सोनेलाल गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## 3 दोस्तों के साथ मौसी से फिजिकल रिलेशन बनाता रहा






**बेगूसराय।** में यौन शोषण से पीड़ित नाबालिग (17) ने रविवार दोपहर बाद आत्महत्या कर ली थी। उसका 5 साल से अपने भतीजे के साथ अफेयर चल रहा था। प्रेमी (आरोपी) 20 साल का है, जिसपर आरोप है कि शादी का झांसा देकर कई बार फिजिकल रिलेशन बनाया था। इसके साथ ही आरोपी ने दो महीने पहले नाबालिग प्रेमिका को अपने तीन दोस्तों के पास ले गया था, जहां प्रेमी समेत चारों लड़कों ने मिलकर उसका शारीरिक शोषण किया था। गांव के लोगों के मुताबिक, आरोपी के दोस्तों ने नाबालिग का अश्लील फोटो और वीडियो बनाया था, जिसके जरिए ब्लैकमेल कर कई बार शारीरिक शोषण किया। वीडियो वायरल न हो जाए, इस वजह से पीड़िता चुप रही। इसका फायदा आरोपी और उसके दोस्तों ने उठाया। वीडियो बनाने वाले दिन से लगातार लड़की का शोषण किया गया। इसके बावजूद आरोपियों ने फोटो और वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद से नाबालिग परेशान रहने लगी और फिर आत्महत्या कर ली। नाबालिग प्रेमी समेत 4 लड़कों के खिलाफ FIR दर्ज इस मामले में 17 दिसंबर (मंगलवार) को FIR दर्ज की गई है। मृतका की मौसेरी बहन ने तीन नामजद समेत चार लड़कों पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपियों में प्रेमी अवधेश के अलावा फोटो राम के बेटे पप्पू राम, लक्ष्मी मल्लिक के बेटे अनिल मल्लिक और एक अन्य युवक शामिल है। बहन ने बताया, 'मौसेरी बहन करीब 5 सालों से मेरे यहां रह रही थी। गांव के ही विनोद राम का बेटा अवधेश कुमार (20) 4 सालों से शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर रहा था। इस दौरान उसने फोटो-वीडियो बना लिया था। उसके दोस्तों के पास भी ऐसे फोटो वीडियो थे। इस फोटो-वीडियो के आधार पर उसके साथ गलत काम कर रहे थे।मृतका की बहन ने बताया, 'आत्महत्या से एक दिन पहले यानी 14 दिसंबर को अवधेश राम ने सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल कर दी थी। इससे वह टेंशन में आ गई थी। 15 दिसंबर की शाम उसने मुझे कपड़ा डालने के लिए छत पर भेज दिया। उसके बाद घर में बंद होकर फंदे से लटक गई। मेरे वापस लौटने पर उसने दरवाजा नहीं खोला, कोई आवाज नहीं दी तो हमने गांव के लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़कर उसकी बॉडी नीचे उतारी। स्थानीय लोगों की मदद से दलसिंहसराय के एक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी हम लोगों को धमकी दे रहे हैं कि शिकायत किया, तो पूरे परिवार को बर्बाद कर देंगे।'इस मामले में विभूतिपुर थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया, 'आवेदन के आधार पर [illegible] दर्ज की गई है। सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।'जीजा ने कहा था- शादी का बना रहा था दबावमृतक नाबालिग समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। इस साल वह मैट्रिक की परीक्षा देने वाली थी।


मौसेरी बहन के पति सऊदी अरब में रहते थे, वो घर में अपने दो बच्चो संग अकेली रह रही थी

# टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ का अभी और करना होगा इंतजार

▸▸ कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में लेकर आ सकती है आईपीओ

**नई दिल्ली ।**

टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले एक से डेढ़ साल के अंदर यह पब्लिक इश्यू आ सकता है। दरअसल ईटी की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के सीईओ ने यह जानकारी दी है। इससे पहले पिछले साल टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ आया था, जिसे निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था और लिस्टिंग पर इसने तगड़ा गेन दिया था। खास बात है कि अगर टाटा प्रोजेक्ट्स का आईपीओ तय समय सीमा पर आता है तो यह 2 साल के अंदर टाटा ग्रुप की किसी कंपनी का दूसरा पब्लिक इश्यू होगा। टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ 19 साल बाद टीसीएस के पब्लिक इश्यू के बाद आया था। टाटा प्रोजेक्टस के सीईओ ने कहा कि कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में आईपीओ लेकर आ सकती है। हालांकि, यह तब ही संभव है जब कंपनी लगातार कैश जनरेट कर पाएगी। टाटा प्रोजेक्ट्स, कंस्ट्रक्शन कारोबार में एक बड़ा नाम है। मौजूदा वक्त में कंपनी की ऑर्डर बुक 40000 करोड़ रुपये है। कंपनी के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स में दिल्ली में स्थित नया संसद भवन और मुंबई में अटल सेतु शामिल हैं। खास बात है कि यह कंपनी 20 फीसदी से अधिक परियोजनाएं टाटा समूह की कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा पावर, इंडियन होटल्स, टाटा स्टील और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से हासिल करती है।




# क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर देश में अब टैक्स लगेगा

## - क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा

**जयपुर ।**

जोधपुर के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने भारत में क्रिप्टोकरेंसी पर टैक्स को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला किया है, जिससे देश में क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर टैक्स लगने वाला है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा और इससे मुनाफे पर टैक्स किस प्रकार लगाया जाएगा, यह स्पष्ट हो गया है। इस निर्णय के मुताबिक क्रिप्टोकरेंसी से होने वाला मुनाफा हाई इनकम टैक्स स्लैब के बजाय कैपिटल गेन टैक्स माना जाएगा।

यह फैसला ऐसे निवेशकों के लिए बड़ा समाचार है जो क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन करते हैं। उन्हें अब लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की केटेगरी में ही टैक्स की दरें चुकानी होंगी, जिससे उन्हें कम टैक्स देने होंगे। इस निर्णय ने निवेशकों को स्पष्टता दी है कि क्रिप्टोकरेंसी में विशिष्ट नियम पेश करने से पहले हुए ट्रांसक्शन्स को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में समझा जा सकता है। इससे निवेशकों को अधिक जानकारी और सुरक्षा मिलेगी और वे अपने निवेश को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकेंगे।




# स्मार्टफोन निर्यात के मामले में एप्पल का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।**

एप्पल कंपनी ने नवंबर महीने में स्मार्टफोन निर्यात के मामले में शानदार प्रदर्शन किया। इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 20,300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

भारत में स्मार्टफोन निर्यात ने इस साल नवंबर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो पहली बार 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। पिछले साल नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 10,600 करोड़ रुपये से अधिक था। इस माह निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा, इसके बाद सैमसंग का स्थान था। भारत का स्मार्टफोन निर्यात लगातार बढ़ रहा है, और यह एक संकेत है कि देश के उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत स्मार्टफोन विनिर्माण में बड़ी सफलता मिल रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि को स्मार्टफोन पीएलआई योजना के लिए एक मील का पत्थर बताया। मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, एप्पल द्वारा 10 बिलियन डॉलर के आईफोन का उत्पादन और 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ है। भारत से कुल स्मार्टफोन निर्यात 7 महीनों में 10.6 बिलियन डॉलर को पार कर गया। इसके अलावा, भारत में प्रीमियम, 5जी और एआई स्मार्टफोन की मजबूत मांग के कारण इस वर्ष 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के लोकल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात वृद्धि को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के आंकड़ों के अनुसार, 2014-15 में मोबाइल फोन का उत्पादन 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में अनुमानित 4.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पीएलआई योजना के कारण 2,000 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है। सरकार की पीएलआई योजना के कारण, एप्पल के आईफोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2025 के सात महीनों में 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें अकेले 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ। यह एक रिकॉर्ड है, जो भारत में स्मार्टफोन उत्पादन और निर्यात में मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम है।



# मोदी सरकार ने छूट क्या दी.............लोगों ने खूब खरीदा सोना, बन गया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।**



शादी और त्यौहारों के सीजन में लोगों ने इतना सोना खरीदा की रिकॉर्ड ही बन गया। इसके पीछे बड़ी वजह ये है कि मोदी सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में ढील दे दी थी। इससे सोना मंगाना और बेचना सस्ता हो गया। वहीं शादी और त्यौहारों का सीजन होने की वजह से जमकर खरीदारी हुई। इसकारण नवंबर माह में ही देश में सोने का आयात चार गुना बढ़कर 14.86 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से त्यौहारी सीजन और शादी-विवाह की मांग के कारण सोने का आयात बढ़ा है। इसके पहले नवंबर, 2023 में सोने का आयात 3.44 अरब डॉलर रहा था। कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान आयात 49 प्रतिशत बढ़कर 49 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 32.93 अरब डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, करीब 25 प्रतिशत औसत वार्षिक रिटर्न के साथ सोना 2024 (नवंबर तक) में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली संपत्तियों में से एक है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में इस साल 2024 में अब तक सोने की कीमतें 23 प्रतिशत बढ़कर 78,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं। बजट में मोदी सरकार ने सोने के आयात पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत किया था। इसके बाद विदेश से सोना मंगाना सस्ता हो गया और घरेलू बाजार में भी कीमतों में करीब 6 हजार रुपये की गिरावट आई। इस कारण भारत का सोना आयात 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया था। अगर देश में आयात की बात की जाए, तब स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी हमारे कुल आयात में लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का नंबर आता है।

# देश में 40 फीसदी लोग ही करते हैं यूपीआई का उपयोग: रिपोर्ट

## - यूपीआई प्रणाली को अधिकांश लोग नहीं करते पसंद

**नई दिल्ली ।**

भारत के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में वित्तीय लेनदेन के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) का अधिकांश लोगों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है, जैसा कि ईवाई और सीआईआई की संयुक्त रिपोर्ट में प्रकट हुआ है। मान्यताओं के अनुसार इस प्रणाली को 40 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है, लेकिन केवल चार लोग ही इसे लेनदेन का पसंदीदा तरीका मानते हैं। रिपोर्ट में 11 फीसदी प्रतिभागी ने ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में यूपीआई को भुगतान के रूप में वरीयता नहीं दी है। इस सर्वेक्षण के अनुसार महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अधिकतर थे। सीआईआई इंडिया के पार्टनर वित्तीय सेवाओं के प्रमुख ने इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारी रिपोर्ट वित्तीय संस्थानों के लिए ग्रामीण और कस्बाई भारत में विशेष बचत और निवेश समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक नई दिशा प्रदान करती है। इस स्थिति में उचित जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से यूपीआई प्रणाली के फायदों को ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों तक पहुंचाना अवश्यक है ताकि इसका उपयोग विस्तार से हो सके।




# विशाल मेगा मार्ट का शेयर बाजार में सूचीबद्ध

## शेयर का मूल्य बीएसई पर 41 प्रतिशत बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया

**नई दिल्ली ।** घरेलू सामानों के लिए बड़ी-बड़ी दुकानें चलाने वाली विशाल मेगा मार्ट ने बुधवार को अपने निर्गम मूल्य में बढ़ोतरी के साथ बाजार में सूचीबद्ध हो गया है। इसमें शेयर का मूल्य बीएसई पर 78 रुपये से 41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया है। यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि बाजार में कंपनी को उम्मीदवारों की अच्छी प्रतिध्वनि मिली है। एनएसई पर भी शेयर का मूल्य 33.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104 रुपये पर शुरू हुआ था। विशाल मेगा मार्ट की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बेहद सफल रही थी और शेयर बिक्री के अंतिम दिन गत शुक्रवार को 27.28 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 8,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 74-78 रुपये प्रति शेयर रखा था। इस बढ़ोतरी के बाद, कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,644.57 करोड़ रुपये हो गया है। जिस तेजी से विशाल मेगा मार्ट का शेयर मांग में उछल रहा है, वह बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। उम्मीद है कि कंपनी इस सफलता की श्रुतांत को बनाये रखने में सफल रहेगी और उसके शेयरहोल्डर्स को और अधिक लाभ प्रदान करेगी।



# वन मोबिक्विक सिस्टम्स का शेयर 58 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

## शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए

**नई दिल्ली ।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने बुधवार को बाजार में उछाल बनाई जब उसके शेयर अपने निर्गम मूल्य 279 रुपये से 58 प्रतिशत से अधिक चढ़कर सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर 58.51 प्रतिशत चढ़कर 442.25 रुपये पर संकलित हो गए। इसके बाद वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी की बाजार मूल्यांकन 3,435.68 करोड़ रुपये के पार पहुंची। एनएसई पर उनके शेयर ने 57.70 प्रतिशत के उछाल के साथ 440 रुपये पर शुरुआत की। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की आखिरी दिन को 119.38 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने अपनी 572 करोड़ रुपये के आईपीओ को 265-279 रुपये प्रति शेयर के दायरे में बोली थी। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आईपीओ की कामयाबी ने बाजार में चर्चा उत्पन्न की और निवेशकों की ध्यान आकर्षित किया।

# साई लाइफ साइंसेज का शेयर 20 फीसदी बढ़त पर सूचीबद्ध

## कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ और 2,092 करोड़ के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी

**नई दिल्ली ।** साई लाइफ साइंसेज के शेयर ने बुधवार को बाजार में धूम मचाई। यह इसके निर्गम मूल्य 549 रुपये से 20 प्रतिशत अधिक उछाल के साथ उच्चतम स्तर पर सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने बीएसई पर 20.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 660 रुपये पर सूचीबद्ध किया गया, जो बाद में 27.86 प्रतिशत उछाल के साथ 702 रुपये पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त एनएसई पर शेयर ने 18.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 650 रुपये पर शुरूआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,493.75 करोड़ रुपये था। साई लाइफ साइंसेज के आरम्भिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शेयर बिक्री के तीसरे और अंतिम दिन तक 10.26 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,092 करोड़ रुपये के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी। इसके लिए मूल्य दायरा 522-549 रुपये प्रति शेयर था।

# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने क्यूआईपी के जरिये 1,000 करोड़ जुटाए

## धन का उपयोग केपीआईएल की वित्तीय स्थिति सुधारने में किया जाएगा

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल (केपीआईएल) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पांच संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कम्पनी ने कहा कि यह उनके विविधीकृत व्यवसायिक खंड में निवेशकों के भरोसे की पुष्टि करता है। इस धन का उपयोग केपीआईएल के बही-खाते को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय स्थिति में सुधार करने और वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। जनसाधारण के लिए यह एक अच्छी खबर है क्योंकि केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं संचालित कर रही है और 75 देशों में उपस्थित है। इसका मतलब यह है कि कंपनी ने अपने क्षेत्र में व्यापक उपस्थिति बनाए रखा है और अपने विश्व स्तरीय परियोजनाओं के माध्यम से विकास में योगदान देने के लिए अग्रसर है। केपीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्यूआईपी के माध्यम से जुटाए गए वित्तीय संसाधन ने उनकी कंपनी को मजबूती प्रदान की है और उनके विकास की योजनाओं को गति देने में मदद करेगा। इस आधार पर यह निश्चित रूप से एक बड़ी सफलता की घोषणा है जो क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देगी।

# झारखंड सरकार ने कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की

## कानूनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले अधिसूचना जारी की गई थी

**रांची ।** झारखंड सरकार ने केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया का पहला कदम राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को अधिकृत करने वाले अधिसूचना की जारी करना था। पिछले महीने झारखंड की नई सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की घोषणा की थी। उसके बाद एक अधिसूचना जारी की गई जिसमें कहा गया, राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। केन्द्रीय कोयला राज्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड का केंद से कोई बकाया नहीं है, लेकिन झामुमो के महासचिव ने इसका खंडन किया और कहा कि अगर कोयले की रॉयल्टी 15 दिनों के अंदर नहीं दी जाती है तो राज्य से कोयला नहीं जाएगा। इसके साथ ही, कोयला कंपनी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि कोयला ढुलाई बंद कर दी जाएगी।



# अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सहमे बाजार, बुधवार को पांचवें दिन लाल रहा बाजार

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार पांचवें ट्रेडिंग सेशन में गिरकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशक जोखिम नहीं ले रहे हैं और अमेरिकी शेयरों में निवेश के चलते भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं। साथ ही किसी भी प्रमुख घरेलू ट्रिगर नहीं होने की वजह से बाजार बुधवार को गिरकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को मामूली गिरावट के साथ 80,666.26 अंक पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 80,684.45 के स्तर पर बंद हुआ था। अंत में सेंसेक्स 502.25 अंक की गिरावट लेकर 80,182.20 पर बंद हुआ। इसतरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 24,300 के नीचे खुला। इसके बाद में इसमें गिरावट बढ़ गई। अंत में यह 155.05 अंक फिसलकर 24,180.95 पर बंद हुआ। बुधवार को बाजार में सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर 2.75 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं दूसरी तरफ, टीसीएस (टीसीएस) का शेयर सबसे ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा इंडेक्स हैवी वेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और सनफार्मा, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं बाजार जानकारों का मानना है कि दिन के अंत में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय से पहले निवेशक सतर्क दिख रहे हैं। निवेशकों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है। हालांकि, निवेशकों का ज्यादा ध्यान इस बात पर रहेगा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल बैठक के बाद क्या कहते हैं।

### वैश्विक बाजारों का क्या हाल ?

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की नुकसान में दिखाई दिया। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।



### विशाल मेगा मार्ट आईपीओ की जोरदार लिस्टिंग

विशाल मेगा मार्ट आईपीओ के शेयरों की बुधवार को शेयर बाजार में शानदार एंट्री हुई। एनएसई पर आईपीओ 104 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 78 से 33.33 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, बीएसई पर यह 110 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस से 41 प्रतिशत ऊपर है। इसतरह डिजिटल पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर वन मोबिक्विक सिस्टम के शेयरों की बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई। एनएसई पर वन मोबिक्विक सिस्टम का आईपीओ 440 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 279 से 57.70 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बीएसई पर यह रुपये पर 442.25 रुपये लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड से 58 प्रतिशत ज्यादा है।

# सेबी ने ओडीआई के लिए खुलासा अनिवार्य किया

## - नए नियमों के अनुसार अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे

नई दिल्ली । सेबी ने ऑफ शोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट (ओडीआई) के लिए नए नियमों की घोषणा की। इससे स्पष्ट हुआ कि ओडीआई को स्वामित्व और आर्थिक हित से जुड़े खुलासे अनिवार्य होंगे। राजधानी बाजार नियामक ने ओडीआई को पहले पार्टिसिपेटरी नोट्स के रूप में जाना जाता था, जिनका प्रयोग हेज फंडों द्वारा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश के लिए किया जाता था। नए नियमों के अनुसार वे एक अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे, जिसमें कोई मालिकाना निवेश नहीं होगा। सेबी ने जिन एफपीआई के पास ओडीआई बकाया है, उन्हें एक साल के अंदर अलग से पंजीकरण करने का निर्देश दिया है। नए नियमों के तहत, डेरिवेटिव के साथ ओडीआई इश्यू करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो उनके मौजूदा भुगतानों को भी शामिल करेगा। सेबी ने इसके साथ ही डेरिवेटिव आधारित मौजूदा ओडीआई को भुनाने के लिए एक वर्ष की संवैधानिक सुविधा भी प्रदान की है। यह नए नियम ऑफशोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट के सुरक्षित और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे निवेशकों को अधिक सुरक्षित माहौल में निवेश करने का अवसर मिलेगा, जिससे वित्तीय बाजार में विश्वास और स्थायिता बढ़ सकेगी।

# नवंबर में इक्विटी फंडों की नकदी घटकर 4 महीने के निचले स्तर पर

## इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई

नई दिल्ली । इक्विटी म्युचुअल फंडों की नकदी स्तरों में नवंबर में मामूली गिरावट देखी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो चार महीने की सबसे कम है। यह गिरावट अक्टूबर से आ रहे कमी का परिणाम हो सकती है। पीपीएफएएस म्युचुअल फंड के पास सर्वाधिक 21.5 प्रतिशत की नकदी थी, जबकि अन्य फंड हाउसों के पास छह महीने की उच्चतम गिरावट में 14 प्रतिशत की मासिक गिरावट थी। यह गतिविधि बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते हो रही है, हालांकि फंड अधिकारियों का लक्ष्य पूर्ण निवेश बनाए रखना है। नकदी स्थिति अनिश्चितता या महंगे मूल्यांकन के दौरान इन योजनाओं में नकदी रखने की आवश्यकता को दर्शाती है। नवंबर में ऐक्टिव योजनाओं में पूंजी निवेश कम आया था, जिसकी वजह एकमुश्त निवेश और नई फंड पेशकशों के संग्रह में गिरावट की गई थी। इससे तो यह स्पष्ट है कि बाजार में नकदी स्तरों में बदलाव के साथ आए गिरावट की वजह से इक्विटी योजनाओं की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में गिरावट भी देखने को मिल रही है।

# बिहार के विकास में अभूतपूर्व वृद्धि:अमृत लाल मीणा

## पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई

**पटना ।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई है। उनके अनुसार राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास, संपर्क में निवेश और रेल तथा सड़क तंत्र के निर्माण में कई बड़े कदम उठाए हैं। बिहार में सड़क घनत्व देश में तीसरे स्थान पर है, जो व्यापार और परिवहन को सुविधाजनक बनाता है। बिजली उत्पादन 700 मेगावाट से बढ़कर 7,000 मेगावाट हो गया है। राज्य में आईटी पार्क और डेटा सेंटरों का निर्माण भी हो रहा है। मीणा ने कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में भारी निवेश किया गया है। राज्य सरकार ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा की है, जैसे कि एक्सप्रेस राजमार्गों का निर्माण और वाराणसी-कोलकाता परियोजना। उन्होंने बताया कि बिहार में गैस के लंबे नेटवर्क और गैस वितरण की व्यापकता में वृद्धि हुई है। दूरदराज क्षेत्रों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल भी पहुंचा है। वित्तीय संरक्षण में भी बड़ी वृद्धि हुई है, जैसे कि 2015 में एमएसएमई को 8,000 करोड़ रुपये का ऋण मिलता था, जबकि अब यह तादाद 77,000 करोड़ रुपये है। बिहार के विकास में यह सभी कदम क्रांतिकारी साबित हो सकते हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

# बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच हुआ ड्रा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये तीसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन बुधवार को भारत की दूसरी पारी में शुरु हुई बारिश के कारण ड्रा घोषित कर दिया गया। ट्रैविस हेड को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवजा गया। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक मैच जीत कर बराबरी पर है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर मिली 185 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन पर घोषित कर भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था।

ऑस्ट्रेलिया के 275 रनों के लक्ष्य के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 2.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बनाये थे कि तेज बारिश शुरु हो गई। चायकाल के समाप्त होने बावजूद हो रही हल्की बारिश के कारण अम्पायरों ने मैच को ड्रा घोषित कर दिया। यशस्वी जायसवाल (नाबाद चार) और के एल राहुल (नाबाद चार) रन क्रीज पर थे।

भारत ने सुबह के सत्र में आज नौ विकेट पर 252 रनों से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में आठ रन और जुड़े थे कि ट्रैविस हेड ने आकाश दीप को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराकर 260 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। आकाश दीप ने 44 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। वहीं जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के स्कोर के आधार पर 185 रनों की बढ़त मिली।

इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार अपने विकेट खोती रही। उस्मान खूवाजा (आठ), मार्नस लाबुशेन (एक) को बुमराह ने अपना शिकार बनाया। नेथन मैकस्वीनी (चार), मिचेल मार्श (दो) को आकाश दीप ने आउट किया। ट्रैविस हेड (17) और स्टीव स्मिथ (चार) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। 18वें ओवर में बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (22) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने तीन, आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे।



# ऑस्ट्रेलिया टीम ने अश्विन को दी स्पैशल टीशर्ट, कमिंस बोले- वह बेहतरीन खिलाड़ी है



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नहीं मानते कि यहां तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद 5 मैच की श्रृंखला में लय भारत के पक्ष में बन गई है और उन्हें इस बात की खुशी है कि उनकी टीम ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में पहली पारी में भारतीय टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। तीसरे टेस्ट मैच में अधिकतर समय अपना पलड़ा भारी रखने वाले ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन पर समाप्त घोषित करके भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन बारिश के कारण आखिर में यह मैच ड्रॉ रहा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों ने अश्विन को एक विशेष जर्सी भेंट की जिसपर सभी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर थे।

कमिंस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं कभी लय को लेकर परेशान रहा। वास्तव में मैं इसकी कभी परवाह नहीं करता। मुझे लगता है कि इस सप्ताह के अपने प्रदर्शन से हम काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। हमारे बल्लेबाजों ने दो शानदार साझेदारियां निभाई। हमने नए विकेट पर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 450 (445) रन बनाए और जब विकेट से बल्लेबाजों को थोड़ा मदद मिल रही थी तब भारत को 250 (260) रन पर आउट करने में सफल रहे। अपने इस प्रदर्शन से हम काफी प्रेरणा दे सकते हैं।

अब जबकि श्रृंखला 1-1 से बराबर है तब भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा करके सबको चौंका दिया, जिनमें कमिंस भी शामिल हैं।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा कि निश्चित तौर पर यह थोड़ा चौंकाने वाला रहा। वह निश्चित तौर पर बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे बहुत कम ऑफ स्पिनर हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ी। इसकी गणना सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हमेशा शानदार प्रतिस्पर्धी रहा। ऑस्ट्रेलिया और भारत में हमारे और उसके बीच काफी रोचक प्रतिस्पर्धा हुई। हमारी टीम उसका बहुत सम्मान करती है।

कमिंस ने बारिश के कारण ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट मैच को निराशाजनक बताया क्योंकि खिलाड़ियों को कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। मुझे याद नहीं कि अतीत में कभी ऐसा हुआ होगा। यह निराशाजनक था। कमिंस ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्हें उम्मीद है कि ट्रैविस हेड अगले मैच तक फिट हो जाएंगे जिनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। उन्होंने कहा कि जोश आगे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे जो कि निराशाजनक है। जहां तक ट्रैविस का सवाल है तो वह जल्द ही फिट हो जाएगा। उसकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है लेकिन वह मेलबर्न टेस्ट (26 दिसंबर से) तक फिट हो जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका ने आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा की

**केप टाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अपनी आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। अनकैप्ड कॉर्बिन बॉश को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। बॉश के पास 40 से अधिक की प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी औसत और 36.75 की गेंदबाजी औसत के साथ एक ऑल-राउंड संभावना है, और पुरुष अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले उभरते हुए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को शामिल किया है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होगी। सीरीज का दूसरा और अंतिम मैच 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।



वियान मुल्डर, जो इस सीजन की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से चूक गए थे, को भी टीम में शामिल किया गया है क्योंकि वह अपनी उंगली में फ्रैक्चर से उबरने के अंतिम चरण को पूरा कर रहे हैं। अगर ऑलराउंडर को पहले टेस्ट के लिए चुना जाता है, तो बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को टीम से बाहर कर दिया जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व कमर में गंभीर खिंचाव वाले स्पिनर केशव महाराज भी टीम में हैं, लेकिन उन्हें आगे के परीक्षणों से गुजरना होगा। दक्षिण अफ्रीका के रेड-बॉल कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल करने पर केंद्रित है। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका स्टैंडिंग में सबसे आगे है। आईसीसी ने शुकरी कॉनराड के हवाले से कहा, %हम इस सीरीज में स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतरेंगे, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना होगा। हमने ऐसी टीम चुनी है जो हमें इसे हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देती है। यह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक रोमांचक समय है और हम विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। वे हमेशा अपने प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों के साथ एक मजबूत चुनौती पेश करते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।''

### दक्षिण अफ्रीका टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। आज यहां अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे।

अश्विन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है, लेकिन वो अब मैं क्लब स्तर क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। मैंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ काफी यादे है। मैं बीसीसीआई और साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद करना चाहूंगा। कुछ लोगों के नाम भी लेना चाहूंगा। सभी कोच जो इस यात्रा का हिस्सा रहे। रोहित, विराट, रहाणे, जिन्होंने कई सारे कैच पकड़े और मुझे मेरे विकेटों को लेने में मदद की। ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद, मैंने उनके खिलाफ खेलना हमेशा एंजॉय किया।÷



अश्विन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट लिए है। उन्होंने 37 बार पांच विकेट और आठ बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट लिये। वहीं 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल छह टेस्ट शतक लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम कुल आठ शतक रहे। एकदिवसीय क्रिकेट में 707 रन और टी-20 में उनके नाम 184 रन हैं।

## वेस्टइंडीज ने भारत को 9 विकेट से हराया, महिला टी20 सीरीज 1-1 से बराबर

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज महिला टीम ने कप्तान हेले मैथ्यूज की शानदार पारी की बदौलत भारत को 9 विकेट से हराकर टी20 सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। यह मुकाबला नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला गया। मैथ्यूज ने 47 गेंदों में 85 रनों की विस्फोटक पारी खेली और अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में मामूली स्कोर बनाया, जिसे वेस्टइंडीज ने आसानी से एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। हार के बाद भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अपनी योजनाओं को सही ढंग से लागू नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है। परिस्थितियां हमारे पक्ष में नहीं थीं और पिच पर नमी थी, लेकिन यह कोई बहाना नहीं हो सकता। हमें गेंदबाजी में अपनी रणनीति बेहतर करनी होगी। ओस की वजह से चुनौतियां थीं, लेकिन हमें अगले मुकाबले में मजबूत वापसी करनी होगी। वहीं, वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पिछले मैच में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक था, इसलिए आज हमें बेहतर करना जरूरी था। हमने खेल पर नियंत्रण रखा और यह तय किया कि हम इसे मजबूती से खत्म करना है। भारत को सीमित स्कोर पर रोककर हमें लगा कि लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। विंडीज की ऑलराउंडर डिआंड्रा डॉटिन ने भी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे दृढ़ संकल्प और बुनियादी क्रिकेट पर टिके रहने का नतीजा है।

# रोहित अगर रन नहीं बनाते है तो कप्तानी छोड़ सकते है : सुनील गावस्कर



ब्रिसबेन। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि आगामी मैचों में अगर कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी रही तो वह कप्तान छोड़ देंगे। बुधवार को यहां एक खेल चैनल से गावस्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित को निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में खेलने का मौका मिलेगा, यह पक्का है। लेकिन सीरीज के अंत में अगर वह रन नहीं बना पाए तो मुझे ऐसा लग रहा है कि रोहित कुछ फैसला करेंगे। वह बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ क्रिकेटर है, वह टीम पर बोझ नहीं बनना चाहेगा। उन्हें शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों द्वारा सामना किए जाने वाले दबावों की गहरी समझ है।' उन्होंने कहा, 'वह एक ऐसा क्रिकेटर है जो भारतीय क्रिकेट की बहुत परवाह करता है। इसलिए अगर वह अगले कुछ मैचों में रन नहीं बनाता है, तो मुझे लगता है कि वह खुद ही पद छोड़ देंगे।' उल्लेखनीय है कि रोहित एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़े। इस टेस्ट में उन्होंने 23 गेंदों पर तीन रन और 26 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने तीसरे टेस्ट में भी मध्यक्रम में ही उतरने का फैसला किया। तीसरे दिन बारिश के कारण रोहित को ज्यादा देर क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं मिला। चौथे दिन मंगलवार को रोहित 10 रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित इस साल प्रदर्शन खराब रहा है और उन्होंने इस साल अब तक 24 पारियों में 26.39 के औसत से 607 रन बनाए हैं।

# शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन के दम पर जीता बांग्लादेश

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त

**सेंट विंसेंट (एजेंसी)।** शमीम हुसैन (नाबाद 35), मेहदी हसन मिराज (26) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में वेंस्टइंडीज को 27 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बंगलादेश ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। बांग्लादेश के 129 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 102 रनों पर ढ़ेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रॉस्टन चेज ने सर्वाधिक (32) रनों की पारी खेली। अकील हुसैन ने (31) और जॉनसन चार्ल्स ने (14) रन बनाए।



वेस्टइंडीज के बाकी आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के लिए तसकीन अहमद ने तीन विकेट झटके। महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट हासिल किए। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। शमीम हुसैन को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 11 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। कप्तान लिटन कुमार दास (तीन) और तंजिद हसन (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सौम्य सरकार भी (11) रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने पारी संभालने का प्रयास किया। मेहदी हसन मिराज (26) और जाकेर अली (21) रन बनाकर आउट हुए। शमीम हुसैन ने बंगलादेश के लिए 17 गेंदों में (35) रनों की पारी खेली। बांग्लादेश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने दो विकेट लिए। अकील हुसैन, रॉस्टन चेज, अल्जारी जोसेफ और ओबेद मकॉए ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी शॉ विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली। टीम इंडिया से लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को विजय हजारे ट्रॉफी की मुंबई टीम से भी हटा दिया है। खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी को टीम से बाहर कर दिया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरू होने वाली है। पृथ्वी शॉ, जिन्हें कभी भारतीय क्रिकेट का भविष्य कहा जाता था और जिन्होंने टेस्ट डेब्यू में शतक जड़ा था, फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। इस सत्र में उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है। रणजी ट्रॉफी के दौरान उन्हें अनुशासन और फिटनेस संबंधी कारणों से बीच टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए उनकी वापसी हुई और मुंबई ने यह खिताब जीता, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर शॉ के प्रदर्शन में सुधार नहीं दिखा। नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी में भी शॉ को बड़ा झटका लगा था, जब किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। घरेलू क्रिकेट में भी वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सत्र में उन्होंने औसत प्रदर्शन किया था और इस बार टीम में उनको जगह नहीं मिली। मुंबई टीम से बाहर किए जाने के बाद पृथ्वी शॉ ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि भगवान, मुझे बताओ कि मुझे और क्या देखना है? लेकिन मैं आप पर भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग मुझ पर विश्वास करेंगे, क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। मुंबई टीम की कमान इस बार श्रेयस अय्यर संभालेंगे, जो 17 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी शामिल किया है। वहीं, अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी को टीम में जगह नहीं मिली है।



# आईसीसी रैंकिंग : जो रूट ने एक हफ्ते में हैरी ब्रूक से छीनी टेस्ट की बादशाहत, ये खिलाड़ी बना नंबर वन टी20 गेंदबाज

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड वर्सेस न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में 54 और 32 रन की पारी खेली थी। वहीं ब्रूक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। उन्होंने मैच में महज एक रन बनाया। उनका पहली पारी में खाता नहीं खुला था। ब्रुक 876 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्हें 22 अंकों का नुकसान हुआ।

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में शानदार शतक जमाया था और न्यूजीलैंड ने 434 रनों से विशाल जीत दर्ज की। विलियमनस 33वीं टेस्ट सेंचुरी ठोकने के बाद रूट से 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। उनके 867 अंक हैं। टॉप-10 में भारत के दो बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल चौथे और ऋषभ पंत नौवें नंबर पर हैं। भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में सेंचुरी मारने वाले ट्रैविस हेड पांचवें नंबर पर हैं। भात के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 20वें और कप्तान रोहित शर्मा 30वें स्थान पर मौजूद हैं।

### अकील हुसैन बने टी20 के नंबर 1 गेंदबाज

वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नए नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 अंक हो गए हैं। वह इंग्लैंड के आदिल रशीद को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे हैं। रशीद के खाते में 701 अंक हैं और अब दूसरे नंबर पर हैं। अकील ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे। हालांकि, वेस्टइंडीज को बांग्लादेश के हाथों 7 रन से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। टी20 गेंदबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में अर्शदीप सिंह एकमात्र भारतीय हैं। वह 657 अंकों के साथ आठवें पायदान पर हैं।



# गूगल बुमराह का दीवाना, पोस्ट में लिखा- मैं जस्सी भाई पर यकीन करता हूं


### -दक्षिण अफ्रीका में जसप्रीत को सिराज ने दिया था जस्सी भाई नाम

नई दिल्ली,। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए संघर्ष भरा था। भारतीय गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो-ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ-साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। इन पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद फैंस बुमराह के रनों का शुक्रिया अदा नहीं कर सके। आभार में शामिल होते हुए गूगल इंडिया ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है। गूगल इंडिया की एक पोस्ट में लिखा है- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं। एक्स पर पोस्ट में एक ट्विटर उपयोगकर्ता के पोस्ट को उद्धृत करता है, जिसने बुमराह के पहले पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया था। गूगल इट से बेहतर वापसी का नाम बताएं। बता दें कम लोगों को ही पता है कि बुमराह को जस्सी भाई नाम सबसे पहले मोहम्मद सिराज ने दिया था। दक्षिण अफ्रीका में भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद, सिराज ने आंखों में आंसू लेकर कहा था- मुझे पता था कि केवल जस्सी भाई ही भारत के लिए ऐसा कर सकते हैं और उन्होंने हमारे लिए यह किया।



# ओलंपिक की बात करते थे तो मजाक बनाते थे : योगेश्वर दत्त

नई दिल्ली। पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने बताया कि जब वह ओलंपिक की बात करते थे तो लोग उनका मजाक बनाते थे। योगेश्वर दत्त ने साल 2012 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हाल ही में एक चैनल की समिट में पूर्व रेसलर भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कुश्ती की इमेज खराब की। ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा,' कुश्ती में मेडल जीतने के लिए मैं बता नहीं सकता कि मैंने कितना संघर्ष किया है। हमें इतनी ज्यादा इंजरी हुई है। हम ये गिन गिनते भी भूल जाते हैं। हम दिन भर के 7-8 घंटे मेहनत करते थे। राजनीति भी मुश्किल है। हर खिलाड़ी चाहते हैं कि वे मेडल जीते लेकिन जिसकी किस्मत अच्छी होती है वो वहीं ओलंपिक में मेडल जीतता है।' दत्त ने आगे कहा,'जब आप किसी दूसरे के हाथ में खेलने लग जाते हो तो ऐसा ही होता है। पहलवानों ने आंदोलन किया। उन्होंने बृजभूषण पर केस किया। आरोप लगाए। मैं मानता हूं कि जो दोषी हो उसे सजी मिलनी चाहिए। लेकिन पहलवानों ने कुश्ती को बदनाम किया। कांग्रेस ने ये सब किया। बाद में सच भी सामने आ गया कि यहां कौन गलता था।' ' योगेश्वर दत्त ने आगे कहा,' मैं और सुशील कुमार एक साथ आए हैं जब हम ओलंपिक की बात करते थे तो लोग हमारा मजाक बनाते थे। जब हमारे कोच कहते थे कि हम मेडल लेकर आएंगे तो लोगों को लगता था कि ये झूठ बोल रहे वे मजाक बनाते थे। हमने मेहनत की और मेडल जीता। लड़कियां भी कुश्ती में अच्छा कर रही हैं वो जहां भी जा रही मेडल जीतकर आ रही है।' बता दें कि योगेश्वर दत्त को 2013 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। योगेश्वर दत्त ने सितंबर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी। 2012 के ओलंपिक में उन्होंने 60 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उन्होंने 2010 और 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी मेडल जीते थे।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने संसद में कहा

# किसानों की आमदनी तेजी से बढ़ रही, इसे बढ़ाकर दोगुनी करेंगे

## चौहान ने कहा- किसानों की खुशहाली के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत

नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को संसद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेमद्र मोदी की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक प्रयास कर रही है और वह इस काम में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। किसानों को खाद पर मिलने वाली सब्सिडी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उन्हें कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा।

**खास बातें**

- खाद पर मिलने वाली सब्सिडी में कोई कमी नहीं आने देंगे
- किसानों को कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा



**सब्सिडी में नहीं की जाएगी कमी**

*चौहान ने कहा कि किसानों का उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत कम करने, उत्पादन के ठीक दाम देने, प्राकृतिक आपदा में नुकसान की भरपाई करने, कृषि विविधीकरण और जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के छह सूत्री कार्यक्रम के साथ सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद पर मिलने वाली सब्सिडी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उन्हें कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा। चौहान ने दावा किया कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर रिकॉर्ड खरीद की है। अकेले दलहन की फसल की बात करें तो पिछली संप्रग सरकार के समय केवल छह लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई थी, लेकिन हमारी सरकार ने एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक दलहन खरीद की है।*

**2019 के बाद तेजी से बढ़ी आय**

*कृषि मंत्री ने चौहान ने लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आनंद भदौरिया के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि एनएसएसएस रिपोर्ट के अनुसार 2002-03 में किसानों की आय 2,015 रुपए प्रति माह थी जो 2018-19 में बढ़कर 10,218 रुपए प्रति माह हो गई। उन्होंने सदन को बताया कि 2019 के बाद अभी यह सर्वे नहीं हुआ है और अब अगले वर्ष किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और हमें विश्वास है कि 2019 के बाद किसानों की आय तेजी से बढ़ी है।*

## संसदीय पैनल ने की ये सिफारिश | किसान सम्मान निधि 12,000 करें एमएसपी की गारंटी भी दी जाए

पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर बड़ी खबर है। कहा गया है कि एक संसदीय पैनल ने सुझाव दिया है कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आर्थिक मदद के रूप में दी जाने वाली धनराशि को छह हजार से बढ़ाकर 12,000 कर दिया जाए। इसके अलावा किसानों को एमएसपी की लीगल गारंटी देने का सुझाव दिया गया है। संसदीय पैनल का ये सुझाव पंजाब और हरियाणा के किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच आया है। बताया गया है कि एग्रीकल्चर, एनिमल हसबेंडरी और फूड प्रोसेसिंग पर कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी पहली रिपोर्ट (18वीं लोकसभा) में ये सिफारिशें की हैं। ये सिफारिशें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की उन 'अनुदान मांगों (2024-25)' पर की गई है, जिसे मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया।

**विभाग का नाम बदलने की सिफारिश की**

इसके अलावा कमेटी ने यह सिफारिश भी की है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का नाम बदलकर 'कृषि, किसान एवं खेत मजदूर कल्याण विभाग' कर दिया जाए। कमेटी ने अपनी सिफारिश में कहा है कि पीएम किसान स्कीम के तहत दी जाने वाली सपोर्ट छह हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की जा सकती है। कमेटी ने यह भी कहा है कि उनका मानना है कि किसानों को दिए जाने वाले मौसमी प्रोत्साहनों को बटाईदार किसानों और खेत मजदूरों तक भी बढ़ाया जा सकता है।



**खबर संक्षेप**

### बीरेन के घर के पास फैली दहशत, मोर्टार बम मिला

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा का दौर जारी है। बीते कुछ महीनों में शांति के बाद फिर से वहां का माहौल तनावपूर्ण हो चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के घर के पास जिंदा मोर्टार बम मिला, जिसके बाद दहशत फैल गई और तुरंत इलाके की सुरक्षा बढ़ाई गई। दावा किया गया है कि सोमवार रात रॉकेट से चलने वाला बम दागा गया था, लेकिन वो फट नहीं पाया।



### एक्टर अल्लू की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन भले ही हाई कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर बाहर आ गए हों, लेकिन उनके लिए मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं।अभिनेता को जल्द ही फिर से गिरफ्तार किया जा सकता है। एक्टर को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में गिरफ्तार किया गया था। तेलंगाना पुलिस ने उच्चतम न्यायालय में जमानत के खिलाफ याचिका दायर करने का विचार किया है।



### मोदी ने पद्म विजेता गौड़ा के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कर्नाटक की प्रतिष्ठित पर्यावरणविद् एवं पद्म पुरस्कार विजेता तुलसी गौड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम ने कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मार्गदर्शक बनी रहेंगी। उनका काम हमारी धरती की रक्षा के लिए पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 2021 में पद्म श्री पुरस्कार दिया गया था।



### 4.7 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई।** मुंबई के दक्षिणी क्षेत्र में 4.7 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ (कोकीन) रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इमरान याकूब शेख को मुंबई के डोंगरी से गिरफ्तार किया। उसके पास से 949 ग्राम कोकीन बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### बर्क के आवास पर लगा नया बिजली का मीटर

**संभल।** सपा के संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर मंगलवार को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए फोर्स के साथ अधिकारी पहुंचे। एएसपी ने बताया कि एहतियाती तौर पर फोर्स को लगाया गया है। पुराना मीटर हटा कर स्मार्ट मीटर लगाया गया है। एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने बताया कि केबल खींचने और स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम दीपासराय में किया जा रहा है।



जयपुर में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# किसानों के नाम पर सिर्फ बातें और घोषणाएं की, राज्यों में जल विवाद का नहीं किया हल

## 45 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में 45 हजार करोड़ रुपएकी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करेंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट से राजस्थान के किसानों, युवाओं और पर्यटन को बहुत फायदा होगा।

पीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। राजस्थान सरकार के एक साल पूरा होने पर 'एक वर्ष- परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम ने दादिया में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। मगर न तो उनके लिए कुछ करती है और न ही दूसरों को करने देती है।

**खास बात**

- 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम का आयोजन
- इससे होगा जल समस्या का स्थाई समाधान हुआ



**पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना का किया शिलान्यास**

*राजस्थान में भजनलाल सरकार के 1 साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास किया कार्यक्रम में राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच पीकेसी-ईआरसीपी को लेकर फरवरी 2024 में हुए समझौते को पहली बार सार्वजनिक किया गया। इस मौके पर एमपी के सीएम ने कहा कि 20 साल पुराना झगड़ा था। दोनों प्रदेशों में यह जल की सौगात पीएम मोदी की वजह से ही पूरी हो पाई है।*

### हम विवाद नहीं, संवाद में यकीन रखते

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लंबे समय तक लटकाया। यह भी कांग्रेस की नीयत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कांग्रेस किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करती है। मगर न तो खुद कुछ करती है और न ही दूसरों को करने देती है। भाजपा की नीति विवाद की नहीं, संवाद की है।

### राजस्थान का विकास तेज होगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को मंजूरी दी और उसका विस्तार भी किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना पर सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान के 21 जिलों को सिंचाई के साथ-साथ पेयजल भी मिलेगा और इससे राजस्थान के विकास में तेजी आएगी।



### भाजपा मतलब सुशासन की गारंटी

*पीएम मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव हुएवहां भाजपा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। देश ने भाजपा को लगातार तीसरी बार लोकसभा में देश की सेवा करने का मौका दिया है। पिछले 60 सालों में भारत में ऐसा नहीं हुआ। आज भाजपा की डबल इंजन सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। भाजपा जो भी संकल्प लेती है, उसे पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करती है। आज देश की जनता कह रही है कि भाजपा सुशासन की गारंटी है।*

### कांग्रेस ने कभी लोगों का जीवन आसान नहीं किया

*पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कभी लोगों के जीवन से पानी की मुश्किलें कम नहीं करना चाहती है। हमारी नदियों का पानी बहकर सीमा पार चला जाता था। मगर हमारे किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाता था। कांग्रेस समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही। राजस्थान ने तो इस कूनीति की वजह से बहुत कुछ भुगता है।*

### 21 जिलों के सवा 3 करोड़ लोगों को मिलेगा लाभ

*जनसभा के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे लिए आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। क्योंकि कई दशकों में विकास के समय बड़े कार्य संशोधित पार्वती, काली सिंध, चंबल परियोजना के लिए आज केंद्र सरकार मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हो रहे हैं। मैं इस ऐतिहासिक पल और सरकार के इस काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानता हूं। क्योंकि यह काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। उनके लिए भी मैं दिल की गहराइयों से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना से राजस्थान के 21 जिलों में रहने वाले लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ लगभग ढाई लाख हेक्टर नए क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ़ लाख हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था हो सकेगी। साथ ही इन जिलों में स्थापित होने वाले उद्योगों को भी आवश्यकता के अनुसार पानी मिल सकेगा। मैं इस शुभ अवसर पर पीएम मोदी एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।*

नड्डा ने बताया एक चुनाव लाने का कारण

## कांग्रेस ने 90 बार अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया, यह अनुचित



नई दिल्ली

राज्यसभा में नेता सदन और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की पूववर्ती सरकारों द्वारा अनुच्छेद-356 के बार-बार किए गए दुरुपयोग के इतिहास को देखते हुए सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक लाने का फैसला किया है। राज्यसभा में नड्डा ने कांग्रेस पर संविधान की भावना को बदलने और उसे दोबारा लिखने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर इस साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम में प्रायश्चित स्वरूप शामिल होने का आह्वान किया।नड्डा ने कहा आपके कारण ही 'एक देश, एक चुनाव' लाना पड़ रहा है। 1952 से 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल से राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बार-बार गिराया। 356 का 90 बार इस्तेमाल किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 8बार, इंदिरा गांधी ने 50 बार, राजीव गांधी ने 9 बार और मनमोहन सिंह ने 10 बार दुरुपयोग किया।

### संविधान को कभी अपरिवर्तित नहीं माना गया

राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि महात्मा गांधी, विवेकानंद, वीर सावरकर जैसे महापुरुषों ने भी कोई न कोई सिद्धांत संविधान के लिए प्रस्तावित किया था। हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तित नहीं माना गया, परिवर्तन क्योंकि जीवन का मंत्र है, ऐसे में हमारी संविधान सभा ने भी इसे स्वीकार किया। अभी कुछ नेताओं ने 54 साल की उम्र में खुद को युवा कहते हैं, बोलते हैं कि संविधान खत्म कर देंगे, यह भूल जाते हैं कि उसी संविधान ने संशोधन करने का अधिकार दे रखा है। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है। दुनिया सबसे ज्यादा विस्तृत और लिखित संविधान है। दो साल 18 महीने तक विस्तृत चर्चा हुई। शायद ही दुनिया का कोई संविधान होगा जो देश की जनता को कमेंट के लिए दिया गया।



### ... तो मैं सबको जेल भेज दूंगा

राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान संजय सिंह ने दिल्ली चुनाव से पहले मतदाता सूची से नाम काटे जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि तुगलकाबाद के बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटवाए हैं। संजय सिंह के इस आरोप पर आसन से उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इसे ऑथेंटिकेट कीजिएगा। सिंह ने कहा कि ये धमकी न दें। जिस दिन सत्ता परिवर्तन होगा, एक भी आदमी बाहर नहीं रहेगा। केवल तीन घंटे के लिए ईडी-सीबीआई दे दो, सबको जेल भेज दूंगा।



एनसीपी के वरिष्ठ नेता की नाराजगी आई सामने

## कैबिनेट में नहीं मिली जगह तो बोले भुजबल जहां नहीं चैना, वहां नहीं...

मुंबई

महाराष्ट्र में सरकार गठन और कैबिनेट विस्तार के बाद भी नाराजगी का दौर खत्म नहीं हो रहा है। महाराष्ट्र में नई महायुति सरकार में शामिल नहीं किए जाने से निराश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने अब बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 8 दिन पहले उन्हें राज्यसभा की सदस्यता की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। भविष्य के कदम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि देखते हैं। जहां नहीं चैना, वहां नहीं रहना। उन्होंने कहा कि जब मैं इस साल की शुरुआत में राज्यसभा में जाना चाहता था, तो मुझसे कहा गया कि मुझे विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए। मैं एक या दो साल बाद राज्यसभा के विकल्प पर विचार कर सकता हूं, लेकिन तुरंत नहीं।



**उद्धव ने सीएम फडणवीस से की मुलाकात**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे।

### पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने मुंबई में किया रोड शो

**मुंबई।** भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने मुंबई में पूर्वोत्तर व्यापार और निवेश रोड शो का आयोजन किया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर (डॉ.) माणिक साहा और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने मुंबई में 'पूर्वोत्तर व्यापार और निवेश रोड शो' में भाग लिया और लोगों से पूर्वोत्तर में निवेश करने का आग्रह किया। इस आयोजन ने लोगों का ध्यान खींचा है।



## रक्षा मंत्री और सीडीएस पहुंचे वार मेमोरियल



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के साथ विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में भारत की जीत को चिह्नित करते हुए।

खास बैग लेकर प्रियंका पहुंचीं संसद

## फिलिस्तीन पर घिरीं, बांग्लादेश बैग लेकर आईं, वी वांट जस्टिस

नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई अन्य विपक्षी सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू सहित दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया उन्होंने अपने हाथ में थैला भी ले रखा था, जिस पर 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों' लिखा हुआ था। प्रियंका गांधी और कई अन्य सांसद संसद भवन में 'मकर द्वार' के निकट एकत्र हुए और 'केंद्र सरकार जवाब दो' और 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाए। इससे पहले कांग्रेस ने सोमवार को भी इस विषय को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया था। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह विषय उठाया था। वह सोमवार को फलस्तीनी लोगों के समर्थन में फलस्तीन लिखा हुआ हैंडबैग लेकर संसद पहुंची थीं। फलस्तीन वाले हैंडबैग पर सत्तापक्ष ने विरोध जताया।



एक देश-एक चुनाव से अर्थव्यवस्था में होगा सुधार

# महंगाई में अधिक गिरावट आएगी, ग्रोथ रेट बढ़ेगी

नई दिल्ली

कहा जाता है कि भारत में नेता और राजनीतिक दल हमेशा चुनावी मोड में रहते हैं, इसकी वजह भी है। यहां कभी लोकसभा चुनाव, कभी राज्यों की विधानसभा के चुनाव और कभी स्थानीय निकायों के चुनाव चलते रहते हैं, लेकिन आज के बाद यह बदलने वाला है। अब देश में केंद्र और राज्य सरकारों के चुनाव एक साथ होंगे। इसका मतलब है कि चुनावी खबरों का एक तय मौसम होगा। इससे न सिर्फ सरकारी नीतियों को तेजी से प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा, बल्कि व्यवस्था से जुड़े सुधारों को आगे बढ़ाने में भी सहूलियत होगी।

### निवेश के अनुपात में भी होगी 0.5 फीसदी की वृद्धि




कोविंद कमेटी की रिपोर्ट बताती है कि सभी चुनाव एक साथ होने पर भारत की राष्ट्रीय रियल जीडीपी ग्रोथ अगले वर्ष 1.5 प्रतिशत बढ़ जाएगी। जीडीपी का 1.5 प्रतिशत वित्त वर्ष 2023-24 में 4.5 लाख करोड़ रुपए के बराबर था। यह रकम भारत के स्वास्थ्य पर कुल सार्वजनिक खर्च का आधा और शिक्षा पर खर्च का एक तिहाई है। देश में चुनावों का चक्र लगातार चलते रहने से निवेश को लेकर अनिश्चितता का माहौल बनता है। सभी चुनाव एक साथ होने से जीडीपी के लिए नेशनल ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन (निवेश) का अनुपात करीब 0.5 प्रतिशत बढ़ जाएगा।

**सार्वजनिक खर्च 17.67 प्रतिशत बढ़ जाएगा**

केंद्र और राज्यों के चुनाव एक साथ होने पर सार्वजनिक खर्च 17.67 प्रतिशत बढ़ जाएगा। अहम बात यह सार्वजनिक खर्च में राजस्व के बजाए पूंजीगत खर्च अधिक होगा। सामान्य तौर पर पूंजीगत खर्च बढ़ने से जीडीपी ग्रोथ को मजबूती मिलती है।

### कई परिदृश्य बदलेंगे

*एक साथ चुनाव होने और अलग अलग चुनाव होने दोनों परिदृश्य में महंगाई कम होती है। लेकिन एक साथ चुनाव होने के परिदृश्य में महंगाई में अधिक गिरावट आती है। यह अंतर करीब 1.1 प्रतिशत का हो सकता है।*

### बढ़ेगा राजकोषीय घाटा

*चुनावों के बाद सार्वजनिक खर्च बढ़ने का मतलब है कि एक साथ चुनाव के बाद अलग अलग चुनावों की तुलना में ग्रोथ रेट बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनाव के दो वर्ष पहले और दो वर्ष बाद राजकोषीय घाटा 1.28 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।*




# 16 साल से कम उम्र के हैं तो नहीं देख सकेंगे 'बेबी जॉन'


**नई दिल्ली।** बदलापुर मूवी के बाद एक बार फिर वरूण धवन एक्शन की दुनिया में जबरदस्त वापसी कर रहे हैं। वो बहुत जल्द मूवी बेबी जॉन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ इंडियन फिल्मों की हिट एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश नजर आएंगी। साथ ही वामिक गब्बी भी फिल्म का हिस्सा होंगी। फिल्म के लिए सारे सितारे तगड़ा प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही ये भी पता चला है कि फिल्म को सोलह साल से कम उम्र के लोगों को देखना अलाउड नहीं होगा। फिल्म को सेंसर बोर्ड ने U/A सर्टिफिकेट दिया है। जो 16 प्लस के लिए है। इस सर्टिफिकेट के अनुसार ये फिल्म सोलह साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए है। फिल्म को ऐसा सर्टिफिकेट मिलने की वजह है, इसमें मौजूद वॉयलेंस के सीन।

## लाइफ Style

# कृति तोड़ चुकी हैं डेटिंग की खबरों पर चुप्पी

अभिनेत्री कृति सेनन ने इस साल फिल्म 'दो पत्ती' से बतौर निर्माता डेब्यू किया है। इसमें उन्होंने काजोल के साथ अभिनय भी किया। फिल्म और अभिनय के साथ-साथ कृति इस वक्त अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर वे कबीर बहिया को डेट कर रही हैं।

दोनों के अफेयर की खबरों के बीच इनकी शादी की अफवाह फैल रही हैं। इसके पीछे वजह है कृति की एक तस्वीर। कृति सेनन और कबीर इससे पहले भी कई बार साथ नजर आ चुके हैं। इससे पहले कबीर के साथ अपनी डेटिंग और शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कृति ने कहा था कि वे अभी शादी करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने इस तरह की खबरों को परेशान करने वाला बताया। फिलहाल एक बार फिर चर्चाएं तेज होने पर कृति क्या प्रतिक्रिया देती हैं, देखना दिलचस्प होगा। कबीर बहिया के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच हाल ही में कृति सेनन उनके साथ एक शादी समारोह में शामिल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शादी कबीर के किसी करीबी रिश्तेदार की थी, जिसमें कृति ने भी शिरकत की। यह शादी दुबई में आयोजित हुई। शादी से अभिनेत्री की एक तस्वीर सामने आई है। इसे स्नेहकुमार (@snehzala) नाम के यूजर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस शादी समारोह में महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ पहुंचे। धोनी के एक फैन पेज से भी इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें कृति भी पिंक साड़ी में नजर आ रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

लॉस एंजिल्स। दिसंबर का महीना प्राइम वीडियो के लिए शानदार रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर ड्वेन जॉनसन, क्रिस इवांस की फिल्म 'रेड वन' को शुरुआती हफ्ते में 5 करोड़ दर्शकों ने वर्ल्डवाइड देखा है। यह फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म 'रेड वन' अभी भी नॉर्थ अमेरिका में 3,000 से ज्यादा स्क्रीन पर दिखाई जा रही है, वहीं ओवरसीज में 3,300 स्क्रीन चल रही है। इसमें ड्वेन जॉनसन, क्रिस इवांस के अलावा लूसी लियू, बोनी हंट, क्रिस्टोफर हिवजू, निक क्रोल, वेस्ले किमेल और जे.के. सिमंस जैसे कलाकार भी हैं।




# जेम्स गन ने जारी किया 'सुपरमैन' का मोशन पोस्टर

लॉस एंजिल्स। इस हफ्ते सुपरमैन के साथ कुछ खास होने वाला है। जेम्स गन द्वारा डेविड कोरेंसवेट, रेचल ब्रोसनाहन और निकोलस हॉल्ट अभिनीत 'सुपरमैन' का रूपांतरण अब अपने पहले पोस्टर के साथ शुरू हो गया है। सुपरमैन के पहले आधिकारिक पोस्टर में डेविड कोरेंसवेट मैन ऑफ स्टील में बदल गए हैं। सोमवार को निर्देशक जेम्स गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सुपरमैन का मोशन पोस्टर जारी किया। जेम्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें शानदार म्यूजिकल स्कोर था। इसमें डेविड कोरेंसवेट सुपरमैन की पोशाक में लाल अंडरवियर में पूरी ताकत से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ऊपर देखें। सुपरमैन सिर्फ 11 जुलाई को सिनेमाघरों में है।' ऐसे में अब इस फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया गया है।



# अभिनेत्री बनने के लिए पढ़ाई का सहारा

**नई दिल्ली।** टीवी से शुरुआत करने वाली प्रतिभा रांटा आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं। 'लापता लेडीज' में 'जया' के किरदार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली प्रतिभा का जन्म 17 दिसंबर 2000 में शिमला में हुआ था। हिमाचल की वादियों में अपनी पढ़ाई पूरी करते हुए ही प्रतिभा की रुचि अभिनय की तरफ ही बढ़ने लगी थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतिभा ने मॉडलिंग की और मुंबई आ गईं। इसके बाद उनके अभिनय करियर की शुरुआत टेलीविजन शो 'कुर्बान हुआ' से हुआ था। प्रतिभा ने भले ही अभिनेत्री बनने का सपना बड़े अरमानों के साथ देखा था, लेकिन उनका परिवार इस सपने के एकदम खिलाफ था। ऐसे में पढ़ाई का सहारा लेकर प्रतिभा मुंबई आईं और अपने सपनों की तरफ कदम आगे बढ़ाने लगीं।



# सेट से शेयर हुईं बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** निर्देशक संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म स्काई फोर्स की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे फिल्म से जुड़े कई वीडियोज और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं, जिन्हें प्रशंसक बेहद पसंद कर रहे हैं। सारा ने फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग की दो बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं, जिन्हें देखकर कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि फिल्म में कितने शानदार सीन दिखने वाले हैं। सारा अली खान ने दो तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में सारा खूबसूरत नजारे को निहारती नजर आ रही हैं। सारा पीली साड़ी के साथ लाइट ब्लू रंग के ब्लाउज में अपनी बैक को फ्लॉन्ट करती नजर आईं। इस तस्वीर में वह ढलते सूरज को निहारती नजर आ रही हैं।

## टीवी मसाला



# एटली का 'मजाक उड़ाने' पर ट्रोल हुए कपिल ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा रीसेंटली साउथ डायरेक्टर एटली से अपने सवाल के लिए ट्रोल हुए थे। अब कपिल ने एक ट्वीट में सफाई दी है। जिस शख्स ने कपिल के शो की क्लिप पोस्ट करके सवाल किया था

# देश के सिर्फ 9 थिएटर में रिलीज हुई थी फिल्म, बाद में बनी सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** गुजरे जमाने में कई एक्ट्रेस ने इंडियन सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इसमें मधुबाला, मीना कुमारी, वैजयंती माला, साधना और मुमताज जैसी खूबसूरत अभिनेत्रियों का हिंदी सिनेमा में शानदार करियर रहा है। इन सभी अभिनेत्रियों के बीच एक नाम और था, जो दर्शकों के दिलों की धड़कन बना था। **इस** एक्ट्रेस ने साल 1973 **में आई** एक फिल्म में काम किया था, जो सिर्फ देश के नौ थिएटर्स में ही रिलीज हुई थी। इस एक्ट्रेस ने अपनी इस फिल्म से इंडियन सिनेमा में धमाका मचा दिया था।



### कौन हैं ये वेटरन एक्ट्रेस?

दरअसल, हम बात कर रहे हैं करीना कपूर खान की सासू मां यानी वेटरन एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की, जो अपने जमाने की सुपरहिट एक्ट्रेस रह चुकी हैं। शर्मिला ने अपने फिल्मी करियर में 'आराधना' और 'मेरे हमसफर' जैसी हिट फिल्में दी हैं। शर्मिला **ने राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और जीतेंद्र जैसे स्टार संग भी काम** किया है। बता दें, हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना के साथ आज से 51 साल पहले शर्मिला ने 'दाग' फिल्म से धमाका कर दिया था। फिल्म 'दाग' को दिवंगत डायरेक्टर यश चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। राजेश खन्ना और शर्मिला स्टारर यह सुपरहिट फिल्म 'दाग' साल 1973 में महज 9 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर के साथ-साथ राखी भी अहम रोल में नजर आई थीं। 'दाग' के मेकर्स ने फिल्म को कुछ ही थिएटर्स पर रिलीज करने का प्लान किया था, लेकिन फिल्म इतनी बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित होगी, किसी ने सोचा नहीं था। गौरतलब है कि मेकर्स और फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर्स 'दाग' की कहानी को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थे। 'दाग' से पहले राजेश खन्ना की कुछ फिल्में भी नहीं चली थी, लेकिन 'दाग' ने पूरी कहानी ही पलट दी।



# 'पुष्पा -2' पहुंची 1500 करोड़ के पास

**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल 1500 करोड़ के करीब पहुंच गई है। मेकर्स ने 11 दिनों का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन साझा किया है जो कि 1409 है। पुष्पा 2 अब सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्मों में तीसरे नंबर पर। वर्ल्ड वाइड कमाई के मामले में पुष्पा 2 RRR, केजीएफ चैप्टर 2, जवान और पठान सबको पीछे छोड़ चुकी है। दंगल फिल्म अभी भी वर्ल्ड वाइड कलेक्शन के मामले में इंडियन फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर है। इसने 2024 करोड़ रुपये की कमाई की है। प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। इसने वर्ल्ड वाइड 1742.3 करोड़ रुपए कमाए हैं। पुष्पा 2, 11 दिनों में 1405 करोड़ रुपए कमा चुकी है और अभी थिएटर्स में है। ट्रेड एनालिस्ट मान रहे हैं कि यह बाहुबली को क्रॉस कर लेगी, लेकिन बेबी जॉन की रिलीज के बाद इसका कलेक्शन गिरेगा तो दंगल को पछाड़ना मुश्किल है। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्ड वाइड 1250 करोड़ रुपए कमाए हैं। लिस्ट में पुष्पा 2 आगे निकल गई है। यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 ने वर्ल्ड वाइड ग्रॉस 1176 करोड़ रुपए कमाए हैं। टॉपर लिस्ट में केजीएफ 2 पांचवें नंबर पर पहुंच गई है।



JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT | MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE | INTERMEDIATE | UG & PG | LAW | NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.